नई दिल्ली

शुक्रवार 13 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 301

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 26


न्यून. 11

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## श्रमिक संगठनों की एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के बीच...

# लोकसभा में हंगामे-स्थगन के बाद ध्वनिमत से पारित हुआ 'औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में गुरुवार (12 फरवरी) का दिन सड़क से लेकर संसद तक श्रमिकों की एक दिनी देशव्यापी हड़ताल और सरकार द्वारा संसद में लाए गए 'औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक-2026 (आईआरसी)' के नाम रहा। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे और एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे से विधेयक पर चर्चा शुरू हुई, करीब 3 घंटे से अधिक समय तक चली। उसके बाद ये विधेयक सदन में ध्वनिमत से पारित हो गया। लेकिन इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये विधेयक श्रम संहिता सुधार नहीं बल्कि 2020 में कोरोना महामारी में जल्दबाजी में बना कानून व बाद में स्वीकार की गई गलती है। जिससे श्रमिकों-कामगारों के हितों की सुरक्षा होने की जगह पर उनके मन में अस्थिरता की भावना बढ़ेगी। जबकि उद्योगपतियों को बल्ले-बल्ले हो जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो समूचा विपक्ष श्रमिकों ▶▶ शेष पेज 5 पर

**विपक्ष का सरकार पर आरोप, बदलाव से श्रमिकों, कामगारों को सुरक्षा के बजाय मिलेगी असुरक्षा, अस्थिरता**

**सरकार का दावा, राजनीतिक विरोध से विपक्ष को नहीं होगा कोई फायदा, विधेयक से श्रमिकों को मिलेगी समय पर वेतन की गारंटी**

### हरदीप पुरी के खिलाफ हुई नारेबाजी

सदन में सुबह 11 बजे कार्रवाई की शुरुआत के साथ ही कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी सांसदों ने तख्तियां लेकर अध्यक्ष के आसन के समीप आकर जमकर नारेबाजी की। लेकिन आज उनके मुद्दों में भारत-अमेरिका ट्रेड डील, कांग्रेस के 8 निष्कासित सांसदों की वापसी, एपस्टीन फाइल्स के साथ आईआरसी का मामला भी शामिल रहा। पीठासीन सभापति के.पी.तेन्नेटी ने कई बार हंगामा कर रहे सांसदों को अपनी जगह पर जाकर बैठने की अपील की। जो पूरी तरह से बेअसर साबित हुई। इस बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अपने भरण-पोषण के लिए चिंतित श्रमिक

विपक्ष से विधेयक पर विरोध जताते हुए कांग्रेस सांसद के.सुरेश ने कहा, आज एक सामान्य दिन नहीं है। क्योंकि एक ओर संसद में श्रम संहिता सुधार बिल पर चर्चा हो रही है। वहीं, इसके खिलाफ देश की सड़कों पर हजारों की तादाद में फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर, श्रमिक, बैंक-बीमा कर्मी हड़ताल पर हैं। यह सुधार नहीं है। बल्कि इसे महामारी के दौर में जल्दबाजी में पास किया गया था। जिससे सरकार ने खासकर श्रमिक वर्ग के मन में सुरक्षा की जगह पर अस्थिरता की भावना को बढ़ा दिया है। अब देश में बिना नोटिस के हड़ताल नहीं की जा सकेगी। सपा के अफजाल अंसारी ने कहा, 2020 में सरकार ने श्रम संहिता ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अब होगी तालमेल से तरक्की

सत्ता पक्ष से विधेयक के समर्थन में भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा, सितंबर 2020 में राष्ट्रपति ने विधेयक से जुड़ी संहिता को मंजूरी दी थी। अब संशोधन से देश के मजदूरों का हित होगा, उन्हें नए कोड को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### श्रमेव जयते ने दिया श्रमिकों को सम्मान

केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में विपक्ष के तमाम आरोपों को एक स्वर में नकारते हुए कहा, विपक्ष का विरोध राजनीतिक है। जिसमें उन्हें कभी सफलता नहीं मिलेगी। क्योंकि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूती से खड़ा है। संशोधनों से श्रमिकों, कामगारों के हितों की रक्षा होगी। महिला-पुरुष को समय पर समान वेतन की गारंटी प्रदान की गई है। पूर्व में इसे लेकर कोई कानूनी पाबंदी नहीं थी। तब की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई परिषद की बैठक से निकला ये महत्वपूर्ण निष्कर्ष

# डीएसी ने दी 'मदर ऑफ ऑल डिफेंस डील्स' को मंजूरी अब वायुसेना के लिए खरीदे जाएंगे 114 राफेल विमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की सीमा से बढ़ते सुरक्षा खतरे और चीन की लगातार बनी हुई प्रतिद्वंदिता के बीच गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में राजधानी में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में अब तक के सबसे बड़े रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जिसके तहत भारतीय वायुसेना के लिए कुल 114 बहुउद्देशीय राफेल लड़ाकू विमानों (एमआरएफए) के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के साथ खरीद को मंजूरी दी गई है। समझौते पर आने वाली कुल ▶▶ शेष पेज 5 पर



### अन्य बलों के लिए खरीदे जाएंगे ये हथियार

डीएसी की बैठक में वायुसेना के अलावा सेना, नौसेना, तटरक्षकबल की मारक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए कुल 3.60 लाख करोड़ रुपए के रक्षा हथियारों की खरीद से जुड़े सौदों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें राफेल के अलावा नौसेना के लिए लंबी दूरी की समुद्री निगरानी में मददगार 6 पी8आई विमानों की खरीद, समुद्री गैस टरबाइन आधारित विद्युत जनरेटर से लेकर एयर शिप आधारित उच्च ऊंचाई वाले छद्म उपग्रह (एएस-एचएपीएस), युद्धक मिसाइलों की खरीद के लिए एओएन दिया गया है। तटरक्षकबल के डॉर्नियर विमानों के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड प्रणाली की खरीद को हरी झंडी दी गई है। परिषद ने सेना के लिए बैठक में टैंक रोधी माइंस विभव, बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, टी-72 टैंकों और पैदल सेना लड़ाकू वाहनों के वाहन प्लेटफार्मों के नवीनीकरण के लिए भी स्वीकृति दी है।

### वायुसेना के पास राफेल की 2 स्क्वाड्रन

114 राफेल विमानों में से फ्रांस से बनी बनाई अवस्था में 18 विमान वायुसेना को सौंपे जाएंगे। जबकि बाकी बचे हुए 96 विमान भारत के अंदर मेक इन इंडिया के तहत बनाए जाएंगे। इनमें आधे से अधिक यानी 50 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगी हुई होगी। वायुसेना ने इन विमानों की खरीद के संबंध में रक्षा मंत्रालय को पिछले साल सितंबर महीने में एक प्रस्ताव सौंपा था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दूरदर्शन की न्यूज रीडर रहीं सरला माहेश्वरी का निधन



**नई दिल्ली।** दूरदर्शन का जाना पहचाना चेहरा और पॉपुलर न्यूज रीडर सरला माहेश्वरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 71 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले याद करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें दूरदर्शन ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### रूस में वाट्सएप बैन हुआ मैक्स के उपयोग की अपील



**नई दिल्ली।** रूस ने स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में वॉट्सएप बैन कर दिया है। क्रेमलिन ने नागरिकों से अब सरकारी मैक्स मैसेंजर इस्तेमाल करने की अपील की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि मेटा चेतावनी के बावजूद नियमों को मानने को तैयार नहीं था।

### राजपाल की जमानत याचिका की खारिज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की चेक बाउंस मामले की दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई हुई, कोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया। 16 फरवरी को सुनवाई होगी। और कहा, आप जेल इसलिए गए क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने यादव से पूछा कि वे सजा को रद्द करने की मांग क्यों कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट: नया नाम बताओ वर्ना इसे रिलीज नहीं होने देंगे



**नई दिल्ली।** फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने संकेत दिया कि यदि फिल्म का नाम नहीं बदला गया तो इसकी रिलीज़ की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत ने निर्माताओं से कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज के किसी वर्ग को अपमानित या बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। पीठ ने स्पष्ट किया कि रचनात्मक स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है।

## गुरुवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में दो टूक अंदाज में बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

# 'मैं मोदी का करियर बर्बाद नहीं करना चाहता', ट्रंप के इस बयान वाले वीडियो पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल के उस वीडियो को लेकर भारत ने बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिसमें राष्ट्रपति यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि 'वह मोदी का राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहते हैं'। विदेश मंत्रालय में गुरुवार को हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि उन्हें ऐसे किसी भी वीडियो के बारे में कोई नहीं है। लेकिन आप जिस वीडियो की बात कर रहे हैं। अगर ऐसा कोई वीडियो है और चाहे फिर वो सही हो या न हो। हम उस पर उचित कार्रवाई करेंगे। बताते चलें कि इस संबंध में बीते सप्ताह भारत और अमेरिका के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी बड़ी ही तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप यह कहते हुए देखे जा सकते हैं कि मोदी एक बहुत ही अच्छे, महान इंसान हैं। वह मोदी से प्रेम करते हैं। लेकिन यह कहकर वो उनका राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहते हैं।

**बांग्लादेश के चुनाव परिणाम पर टिकी भारत की निगाहें, न्योते के बाद भी नहीं भेजे चुनाव पर्यवेक्षक**




### रूस से तेल खरीद बंद करेगा भारत: ट्रंप

दरअसल 15 अक्टूबर 2020 को वाइट हाउस में आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से चल रही तेल की खरीद को बंद कर देगा। बिलकुल सही, पीएम मोदी मेरे दोस्त हैं और हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेकिन मैं इस बात से खुश नहीं हूं कि भारत रूस से तेल की खरीद कर रहा है। आज उन्होंने मुझे आश्वासन के साथ कहा है कि अब भारत रूस से जारी तेल की खरीद पर रोक लगा देगा। जो कि एक बड़ा कदम होगा। ज्ञात हो कि इस मामले पर दोनों देशों के संबंधों में बीते वक्त में काफी तनाव रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने इसे लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए भारत पर दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया था। जिसे बीटीए के बाद घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है।



### बांग्लादेश चुनाव परिणाम पर नजर

मीडिया ब्रीफिंग में रणधीर ने कुछ और सवालों के भी जवाब दिए। जिसमें उन्होंने बांग्लादेश चुनाव को लेकर कहा कि हमारे पड़ोसी देश में गुरुवार को हुए चुनावों के बाद आने वाले परिणाम पर भारत की नजर बनी हुई है। भारत बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनावों के पक्ष में रहा है। फिलहाल हमें चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा करनी चाहिए। उसके बाद ही हम वहां से संबंधित मामलों को देखेंगे। रणधीर ने अपने जवाब में हालांकि ये भी स्पष्ट किया कि भारत ने पड़ोसी देश द्वारा निमंत्रण मिलने के बावजूद बांग्लादेश में अपना कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेजा। बांग्लादेश के चुनावों का परिणाम शुक्रवार (13 फरवरी) को आने की संभावना है। एपस्टीन फाइल्स को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि मामले पर मंत्रालय की तरफ से इसी मंच पर लिखित और मौखिक रूप में बयान दिया जा चुका है। अभी भी उसी का संज्ञान लिया जाना चाहिए।

# खरगे ने उठाया दलित महिला रसोइया के बहिष्कार का मुद्दा, जातिगत भेदभाव पर कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को सदन में ओडिशा के एक आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ा अत्यंत गंभीर मामला उठाते हुए देश में जारी जातिगत भेदभाव की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सामाजिक विकास और सुधार के बड़े-बड़े दावों के बीच इस प्रकार की घटनाएं न केवल समाज को शर्मसार करती हैं, बल्कि संविधान की मूल भावना को भी चुनौती देती हैं। सदन को संबोधित करते हुए खरगे ने बताया कि ओडिशा में एक आंगनबाड़ी केंद्र में नियुक्त दलित महिला हेल्पर-कम-कुक द्वारा तैयार भोजन को समुदाय विशेष के लोग अपने बच्चों को देने से मना कर रहे हैं। पिछले तीन महीनों से उस आंगनबाड़ी केंद्र का बहिष्कार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक (फिजिकल) और बौद्धिक (कॉग्निटिव) विकास की बुनियाद होते हैं। यदि इस स्तर पर जातिगत पूर्वाग्रह और भेदभाव हावी होंगे, तो इसका सीधा असर बच्चों की वृद्धि और पोषण पर पड़ेगा।

### संवैधानिक प्रावधानों का हवाला

खरगे ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं संविधान के अनुच्छेद 21(ए) के तहत प्रदत्त शिक्षा के अधिकार को प्रभावित करती हैं। साथ ही यह अनुच्छेद 47 की उस जिम्मेदारी के विपरीत है, जिसके अनुसार राज्य पर पोषण स्तर को बढ़ाने और जन स्वास्थ्य में सुधार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बांग्लादेश चुनाव: 48% वोटिंग हुई, बीएनपी और जमात के बीच सीधा मुकाबला

# बीएनपी की 120 सीटों पर जीत, पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान बन सकते हैं 'सिरमौर'

*15 साल के लंबे राजनीतिक वनवास के बाद तारिक रहमान के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण*

**बीएनपी चेयरमैन तारिक रहमान भारी मतों से जीते, जमात को लगा झटका**

**बांग्लादेश की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत मानी जा रही**

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में गुरुवार को पार्लियामेंट्री चुनाव हुए। शाम से काउंटिंग भी शुरू हुई। बांग्लादेश चुनाव में सीधे तौर पर लड़ाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के लीडरशिप वाले अलायंस के बीच है। देर रात 299 सीटों में से बीएनपी 120 सीटें जीतने में कामयाब रही। बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान ने भारी मतों से जीत दर्ज की है। बीएनपी ने कहा है कि पार्टी की जीत जरूर होनी चाहिए। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी पार्टी 38 सीटों पर जीत हासिल सकी। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मुस्तफिजुर रहमान ने अनौपचारिक ▶▶ शेष पेज 5 पर



# तो रद्द होगी राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता, आजीवन चुनाव लड़ने पर भी लगेगी रोक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ती तनातनी गुरुवार को अपने चरम पर जा पहुंची। बीते दिनों विपक्ष द्वारा अपनी आवाज को सदन में दबाए जाने के आरोप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था। तो वहीं, अब इसी क्रम में सत्ता पक्ष से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द करने और उनके आजीवन चुनाव लड़ने पर रोक लगाने के लिए 'सब्सटेंटिव मोशन' नामक एक प्रस्ताव पेश किया है। सदन में इस बाबत शाम के वक्त अपनी बात रखते हुए उन्होंने विपक्ष के नेता पर जोरदार अंदाज में हमला बोला। जिसमें कहा कि विपक्ष के नेता का पूरा व्यवहार 'अर्बन नक्सल' जैसा है। वो लगातार अपने बयानों, ▶▶ शेष पेज 5 पर



## कांग्रेस संसदीय दल की बैठक

# लोकसभा सांसदों ने राहुल गांधी की अध्यक्षता में रणनीति पर की गहन चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के लोकसभा बजट सत्र के बीच कांग्रेस संसदीय दल के लोकसभा सांसदों की अहम बैठक आज संसद हाउस ऐनेक्स, एक्सटेंशन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने की। बैठक का उद्देश्य शेष बजट सत्र के दौरान विपक्ष की रणनीति तैयार करना तथा संसद में चल रहे राजनीतिक गतिरोध का सामना करना है। बैठक में शामिल सांसदों ने सरकार के खिलाफ एकजुट मोर्चा तैयार करने, संसद कार्यवाही में विपक्ष की भूमिका मजबूत करने और लोकसभा में विपक्ष की आवाज़ को प्रभावी ढंग से उठाने पर गहन विचार-विमर्श किया। इस रणनीति में शामिल मुद्दों में महंगाई, बेरोज़गारी, किसान संकट, केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा विरोध, तथा संसद के कामकाज को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने के उपाय शामिल थे। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि विपक्ष सरकार की नीतियों का संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह प्रभावी ढंग से आलोचना करेगा। इसमें विशेष रूप से भारत–अमेरिका ट्रेड समझौते, मजदूर कोड, और बजट संबंधी अन्य संवेदनशील मुद्दों ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राहुल का ट्रेड डील और वीडियो संदेश

# किसानों, कृषि और देश की खाद्य सुरक्षा पर आघात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के भारत–अमेरिका व्यापार (ट्रेड) समझौते पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए किसानों, कृषि और देश की खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि कोई भी ऐसा ट्रेड डील जो किसानों की आजीविका छीने या खाद्य सुरक्षा कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है और इसके खिलाफ वे पूरी ताकत से लड़ेंगे। वीडियो संदेश में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा, "चाहे सरकार मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करे, विशेषाधिकार प्रस्ताव लाए या कोई मुकदमा दायर हो, मैं किसानों के अधिकारों और हितों के लिए संघर्ष जारी रखूँगा। किसी भी तरह की ऐसी डील जिसे किसानों की रोज़ी-रोटी नुक़सान पहुँचता हो, मैं उसे स्वीकार नहीं करूँगा।

### कृषि बनाम व्यापार समझौता: क्या है राहुल गांधी का तर्क?

राहुल गांधी ने अपने संदेश में केंद्र सरकार के इंडिया–यूएस ट्रेड डील को किसानों के हितों के खिलाफ और देश की खाद्य सुरक्षा को ▶▶ शेष पेज 5 पर

ई-बस क्रांति, वायु रक्षक, यमुना कायाकल्प और ई-वेस्ट इको पार्क से बदलती राजधानी की पहचान

# रेखा सरकार का प्रदूषण नियंत्रण पर ईमानदार प्रयास : एक वर्ष में दिल्ली को मिला 'स्वच्छता का सुरक्षा कवच'

**मिशन मोड में रेखा सरकार- 1 साल में प्रदूषण पर चौतरफा कार्रवाई | 365 दिन- 24X7 जारी रहेगा प्रदूषण के विरुद्ध – दिल्ली का युद्ध**

नई दिल्ली

रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पिछले एक साल में प्रदूषण से हर मोर्चे पर दिल्ली को राहत दिलाने के लिए जंग जारी है। दिल्ली की हवा को दूषित करने वाले हर फैक्टर पर प्रहार हो रहा है। रेखा सरकार प्रदूषण के खिलाफ एक योजनाबद्ध रणनीति के तहत काम कर रही है।




## नियत साफ, तो नीति प्रभावशाली; मिशन मोड में रेखा सरकार

दिल्ली की सर्द सुबहों पर वर्षों से जमी धुंध अब धीरे-धीरे छंटने लगी है। लंबे समय तक प्रदूषण केवल बहसों, आरोप-प्रत्यारोप और अस्थायी उपायों जैसे ऑड इवन , रेड लाइट ऑन इंजिन ऑफ तक सीमित रहा। लेकिन मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बीते एक वर्ष में दिल्ली ने यह साबित किया है कि यदि नीयत साफ हो, तो नीतियां परिणाम देती हैं। सरकार ने प्रदूषण को केवल मौसमी संकट नहीं, बल्कि संरचनात्मक चुनौती मानते हुए दीर्घकालिक समाधान अपनाए हैं।

**'पर्यावरण हमारे लिए राजनीति नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। हमने प्रतीकात्मक नारों के बजाय ई-मोबिलिटी, बायो-डीकंपोजर ,वेस्ट-टू-एनर्जी , नए डस्ट कंट्रोल उपकरण इत्यादि जैसे ठोस समाधान लागू किए हैं।'**

रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली





## त्वरित कार्रवाई: तकनीक और सतर्कता का संगम

वायु प्रदूषण की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने 'वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना 2025' को लागू किया है। इस व्यापक योजना के तहत 100 'वायु रक्षक' तैनात किए गए हैं, जिन्हें 35 जीपीएस और सीसीटीवी से लैस वाहन दिए गए है । ये टीमें राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में धूल प्रदूषण और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन की रियल-टाइम निगरानी कर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कर रही हैं । प्रदूषण नियंत्रण को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में 58.8 करोड़ रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी के लिए 200 अतिरिक्त ट्रक-माउंटेड एंटी-स्मॉग गन उपलब्ध कराई गई हैं। एमसीडी और अन्य संबंधित विभागों के पास पहले से मौजूद संसाधनों को मिलाकर अब राजधानी में कुल 406 ट्रक-माउंटेड एंटी-स्मॉग गन तैनात हैं। ये मशीनें प्रमुख सड़कों और निर्माण स्थलों पर सक्रिय रूप से कार्य करते हुए धूल कणों को नियंत्रित कर स्वच्छ और बेहतर वायु गुणवत्ता सुनिश्चित कर रही हैं।

इसके साथ ही, 280 वाटर स्प्रिंकलर्स भी दिल्ली की सड़कों पर तैनात किए गए हैं, जो नियमित छिड़काव के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बना रहे हैं।इसके अतिरिक्त, 13 चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर 650 से अधिक मिस्ट स्प्रे सिस्टम सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही, मेट्रो स्टेशनों पर भी मिस्ट स्प्रे सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों को और अधिक मजबूती मिली है तथा प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित हुई है । सर्दियों के दौरान खुले में बायोमास जलाने की घटनाओं को रोकने हेतु सुरक्षा गार्डों को 10,000 इलेक्ट्रिक हीटर वितरित किए गए हैं, ताकि प्रदूषण के स्रोतों को जमीनी स्तर पर नियंत्रित किया जा सके। यह योजना स्वच्छ, स्वस्थ और सांस लेने योग्य दिल्ली के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है।


## सीएक्यूएमएस: हर सांस की निगरानी, हर पल पारदर्शिता



दिल्ली की हवा अब अनुमान नहीं, सटीक आंकड़ों के आधार पर समझी और सुधारी जा रही है।

राजधानी में स्थापित 46 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (CAAQMS) देश का सबसे बड़ा वायु निगरानी नेटवर्क बन चुके हैं। ये अत्याधुनिक स्टेशन पीएम 2.5 और पीएम 10 का डेटा हर घंटे, तथा अन्य प्रमुख मानकों का अपडेट हर पाँच मिनट में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराते हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ रियल-टाइम डेटा आधारित नीति निर्माण—यही है दिल्ली सरकार का नया पर्यावरण मॉडल। अब प्रदूषण पर कार्रवाई केवल प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि वैज्ञानिक योजना और सतत निगरानी के साथ एक सशक्त अभियान है।

## सड़कें साफ, शहर सुरक्षित: स्वच्छ अवसंरचना की नई परिभाषा


प्रदूषण केवल हवा में ही नहीं, बल्कि सड़कों पर जमी धूल और फैले कचरे में भी छिपा होता है। इसी सोच के साथ सरकार ने व्यापक स्तर पर सफाई और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। सरकार ने कूड़ा निस्तारण को मजबूती देने के लिए एमसीडी को 500 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान प्रदान किया है, और इसके साथ ही हर वर्ष 300 करोड़ रुपये का निरंतर अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अगले 10 वर्षों में 2,300 करोड़ रुपये की राशि से 70 एमआरएस मशीनें खरीदी जाएंगी, जो 60 फीट से कम चौड़ी सड़कों पर कार्य करेंगी, साथ ही 1,000 लिटर पिकर मशीनें भी शामिल की जाएंगी, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था और प्रभावी होगी।

सड़कों से उठने वाली धूल को नियंत्रित करने और गड्ढा-मुक्त सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली में 'वॉल-टू-वॉल कारपेटिंग' अभियान जोर-शोर से आगे बढ़ रहा है। अगले वर्ष, 6,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ राजधानी की 3,300 किमी सड़क नेटवर्क को धूल-मुक्त और गड्ढा-मुक्त बनाने के लिए वॉल टू वॉल कारपेटिंग की जाएगी, जिससे राजधानी की सड़कों पर सफाई, सुरक्षा और सुगमता का नया मानक स्थापित होगा।

### प्रदूषण का जड़ से उपचार: ई-मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा

वाहनों से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत है, इसलिए दिल्ली ने सार्वजनिक परिवहन को हरित और सतत दिशा देने की पहल की है। वर्तमान में 4,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर सक्रिय हैं, और लक्ष्य है कि 2026 तक 7,500 तथा 2028 तक 14,000 ई-बसें डीटीसी के बेड़े में शामिल की जाएंगी । लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए 44 मेट्रो स्टेशनों पर 1,823 ई-ऑटो तैनात किए गए हैं। साथ ही, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार 500 किलोमीटर तक किया जा रहा है। इन पहलों के साथ दिल्ली ई-परिवहन प्रणाली में देश के अग्रणी शहरों में अपना स्थान बना चुकी है। यह केवल परिवहन सुधार नहीं, बल्कि वायु गुणवत्ता में एक दीर्घकालिक और संरचनात्मक सुधार की दिशा में ठोस कदम है।

## सख्ती और स्मार्ट टेक्नोलॉजी के साथ प्रदूषण के खिलाफ अभियान

- PUCC (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र) का कड़ाई से पालन।
- नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान के लिए ANPR (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरों का उपयोग।

**यह सिर्फ निगरानी तक सीमित नहीं, बल्कि दूरदर्शी और परिणामोन्मुख नेतृत्व का सशक्त प्रतीक है।**

## कचरे से ऊर्जा: स्वच्छता का वैज्ञानिक मॉडल

- नरेला-बवाना में 3,000 मीट्रिक टन क्षमता वाला नया वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र एवं इसका विस्तार किया जाएगा।
- ओखला संयंत्र का क्षमता विस्तार।
- होलम्बी कलां में अत्याधुनिक ई-वेस्ट इको पार्क का विकास—जहां इलेक्ट्रॉनिक कचरे का वैज्ञानिक निपटान होगा।

## यमुना का कायाकल्प: 1,816 करोड़ रुपए की संजीवनी

यमुना की सफाई अब केवल घोषणा नहीं, बल्कि ठोस और परिणामकारी कार्रवाई का प्रतीक बन चुकी है। इस दिशा में 1,816 करोड़ की लागत से 19 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। नदी पुनर्जीवन अभियान के तहत सितंबर तक यमुना तल से 20 लाख मीट्रिक टन गाद (सिल्ट) हटाई जा चुकी है और यह कार्य निरंतर जारी है। नजफगढ़ नाले की सफाई अत्याधुनिक 'एम्फीबियस क्लासिक-4 वाटरमास्टर' मशीन के माध्यम से की जा रही है, जिससे सफाई कार्य में गति और दक्षता आई है। वर्तमान में दिल्ली की 80% आबादी सीवर नेटवर्क से जुड़ चुकी है और 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) 80 से 100 प्रतिशत तक सीवेज उपचार करने में सक्षम हैं। साथ ही, ट्रीटेड पानी के लिए 10 mg/l का सख्त मानक लागू किया गया है, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ यमुना के लक्ष्य की दिशा में निर्णायक प्रगति सुनिश्चित हो रही है।

### हरित दिल्ली: रिज क्षेत्र से सौर ऊर्जा तक

दिल्ली सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 4,200 हेक्टेयर रिज क्षेत्र को अधिसूचित वन क्षेत्र घोषित कर हरित आवरण को सशक्त बनाया गया है, वहीं मियावाकी तकनीक के माध्यम से शहरी वन विकसित कर राजधानी में हरियाली का विस्तार किया जा रहा है। कृषि भूमि पर एग्री-वोल्टाइक मॉडल के तहत सोलर पैनलों की अनुमति देकर किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही, आवासीय क्षेत्रों में 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर सिस्टम पर 1,08,000 तक की सब्सिडी देकर आम नागरिकों को स्वच्छ और किफायती ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

स्वच्छ ऊर्जा और हरित विकास की यह सशक्त पहल दिल्ली को पर्यावरण-सुरक्षित, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार राजधानी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।



### विकसित दिल्ली का नया सवेरा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को राजनीति से निकालकर नीति और विज्ञान का विषय बनाया है। तकनीक, कड़ाई, जन-भागीदारी और दीर्घकालिक निवेश—इन चार स्तंभों पर आधारित यह मॉडल राजधानी को एक नई पहचान दे रहा है। यह एक वर्ष केवल उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि उस दिशा का संकेत है जिसमें दिल्ली आगे बढ़ रही है—जहां हवा साफ हो, नदी निर्मल हो, सड़कें धूल-मुक्त हों, ऊर्जा हरित हो और आने वाली पीढ़ियां गर्व से कह सकें—यह है स्वच्छ, हरित और सांस लेने योग्य दिल्ली।

DIP/Shabdarth/Advertorial/0133/25-26

## स्वच्छ दिल्ली – हरित दिल्ली

- 4000+ ई-बसें | लक्ष्य 14,000 (2029)
- 100 वायु रक्षक | 406 एंटी-स्मॉग गन
- 650 से अधिक मिस्ट स्प्रे सिस्टम सफलतापूर्वक संचालित
- 6,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ 3,300 किमी सड़क नेटवर्क बनेंगी धूल और गड्ढा-मुक्त
- 20 लाख मीट्रिक टन यमुना सिल्ट हटाई गई
- 1,816 करोड़ रुपए की 19 यमुना परियोजनाएं
- 3,000 TPD वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट
- होलम्बी कलां में ई-वेस्ट इको पार्क
- 1,08,000 रुपए तक सोलर सब्सिडी
- 4,200 हेक्टेयर नया अधिसूचित वन क्षेत्र
- कमर्शियल वाहनों हेतु अत्याधुनिक स्वचालित फिटनेस जांच प्रणाली



# दिल्ली सरकार ने एससी/एसटी बस्तियों के लिए 85 करोड़ की 146 परियोजनाओं को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चलते हुए गुरुवार को सरकार ने एससी/एसटी बस्तियों के लिए करीब 85 करोड़ रुपये की 146 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को तिमारपुर के मलकागंज चौक पर एक कार्यक्रम में एससी/एसटी बस्तियों के सुधार योजना के तहत कई विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान अपने संबोधन में कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ बड़ी-बड़ी इमारतों से नहीं बनती, बल्कि उन बस्तियों से बनती है जहां मेहनत करने वाले परिवार रहते हैं।

कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, तिमारपुर से विधायक सूर्य प्रकाश खत्री और मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष लंबित कार्यों के लिए औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर काम शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि 4 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत वाली 9 परियोजनाएं पूरी होकर तैयार हो चुकी हैं, जिनका लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, 38 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत वाली 64 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनका कार्य जल्द शुरू होगा। इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से चौपालों का नवीनीकरण, सड़कों का निर्माण, पार्कों का विकास, सीवर लाइनों का निर्माण और पेयजल आपूर्ति जैसी स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के 357 दिनों के कार्यकाल में वर्षों से 'अटके, लटके और भटके' पड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। अब विकास भ्रष्टाचार-मुक्त है और जो धन पहले 'शीश महलों' और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, वह अब सीधा जनता के हित में खर्च हो रहा है। वर्तमान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 100-100 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा रही है।






## यह केवल योजना नहीं, कारीगरों के आत्मनिर्भर भविष्य की है शुरुआत : रेखा गुप्ता

# दिल्ली सरकार ने 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' को दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' को हरी झंडी दे दी है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दी है। उन्होंने कहा कि यह योजना दिल्ली के हजारों कारीगरों की जिंदगी बदलने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कारीगर हमारी सांस्कृतिक विरासत की असली ताकत हैं। वर्षों से वे अपने हुनर से समाज को समृद्ध करते आए हैं, लेकिन बदलते दौर में उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण और बाजार से सीधा जुड़ाव भी चाहिए। यह योजना यह सुनिश्चित करेगी कि वे आधुनिक कौशल और डिजिटल बाजार तक पहुंच के साथ इस नए दौर में न केवल टिकें, बल्कि तरक्की भी करें।



मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कौशल विकास को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार बताया था। केंद्रीय बजट 2026-27 में भी वित्त मंत्री ने कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ने, ब्रांडिंग, प्रशिक्षण और गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया है। दिल्ली सरकार उसी सोच को आगे बढ़ा रही है। हम कौशल को सीधे सम्मानजनक आजीविका से जोड़ रहे हैं। इस योजना को दिल्ली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) के माध्यम से लागू किया जाएगा। योजना के तहत, वर्ष 2025-26 में 3 हजार 728 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 8 करोड़ 95 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, 2026-27 के लिए 57 करोड़ 50 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रस्तावित की जाने की संभावना है ताकि योजना को व्यापक स्तर पर लागू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम खादी, हथकरघा और ग्रामोद्योग से जुड़े कामगारों के लिए आत्मनिर्भरता का दायरा बढ़ा रहे हैं। अब उन्हें केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि डिजिटल मार्केट तक सीधी पहुंच भी मिलेगी। यह योजना केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि समग्र प्रयास है, जिसमें कौशल, तकनीक, बाजार और वित्तीय सशक्तिकरण को एकसाथ जोड़ा गया है। इससे दिल्ली के हजारों कारीगरों को नई पहचान, नई दिशा और नई संभावनाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति की उम्र कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। एक परिवार से केवल एक ही सदस्य इस योजना का लाभ ले सकेगा। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं या उनके परिवार के सदस्य हैं, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे। नामांकन के समय आधार आधारित पहचान और सत्यापन जरूरी होगा। पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनी रहे और सभी को पूरा लाभ मिल सके।

### योजना के तहत मिलेगा 12 दिन का प्रशिक्षण, स्टाइपेंड और टूलकिट

योजना के तहत, 12 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें दो दिन का उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) भी शामिल होगा। प्रशिक्षण छोटे-छोटे समूहों में कराया जाएगा, ताकि हर प्रतिभागी को सही मार्गदर्शन मिल सके। एक बैच में लगभग 35 से 45 लोग होंगे। प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रत्येक लाभार्थी को कुल 4 हजार 800 रुपये का स्टाइपेंड (400 रुपये प्रतिदिन) दिया जाएगा। साथ ही, भोजन के लिए 100 रुपये प्रतिदिन की सहायता भी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के बाद लाभार्थियों को पैर से चलने वाली सिलाई मशीन सहित आवश्यक टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी।

### आरपीएल के जरिए कौशल की पहचान

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना में 'रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल)' के माध्यम से पहले से काम कर रहे पारंपरिक कारीगरों के अनुभव और हुनर को प्रमाणित किया जाएगा। इससे उन्हें बेहतर आजीविका के अवसर मिलेंगे और वे औपचारिक आर्थिक ढांचे से जुड़ सकेंगे। लाभार्थियों को मुख्यमंत्री प्रमाणपत्र और पहचान पत्र भी दिया जाएगा। साथ ही, उद्यम (एमएसएमई) पंजीकरण, ब्रांडिंग और ऋण संबंधी जानकारी में सहायता दी जाएगी।


### ई-श्रम से जुड़े कामगारों को प्राथमिकता

योजना की शुरुआत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत लगभग 18 हजार दर्जियों से की जाएगी और आगे चलकर अन्य पारंपरिक व्यवसायों तक इसे विस्तारित किया जाएगा। इसमें दर्जी, एम्ब्रॉयडर, ड्रेस मेकर, कुम्हार, बढ़ई, मोची, टोकरी और चटाई निर्माता, इत्र निर्माता, बांस उत्पाद निर्माता, नाई, माला बनाने वाले, धोबी, मछली जाल निर्माता, कालीन बुनकर सहित अनेक पारंपरिक व्यवसाय शामिल होंगे।

### इस पहल से हजारों परिवारों को मिलेगा आत्मनिर्भर बनने का अवसर : सिरसा

दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह सिर्फ कौशल सिखाने की पहल नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों को सम्मान और आत्मनिर्भर बनने का मौका देने की कोशिश है। इससे मर्चेंडाइजर, लॉजिस्टिक्स एग्जीक्यूटिव, आईटी एग्जीक्यूटिव और फैशन प्रोडक्शन जैसे कोर्स कारीगरों के लिए नौकरी और खुद का काम शुरू करने के नए रास्ते खोलेंगे। इससे हमारी पारंपरिक कला भी सुरक्षित रहेगी और लोगों को आधुनिक तरीके से रोजगार मिलेगा।

# रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करते हुए उनका विनम्र व्यक्तित्व, सर्वसमावेशी विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और संविधान के मूल्यों के प्रति दृढ़ विश्वास हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।

अपना अमूल्य समय प्रदान करने हेतु राष्ट्रपति के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करती हूं।

## एमटीएस निगम कर्मियों की समान वेतन की मांग भाजपा ने की पूरी, चार हजार कर्मियों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में कार्य करने वाले एमटीएस कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समान वेतन की मांग को भाजपा ने पूरी कर दी है। इस बारे में महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गुरुवार को बताया कि एमटीएस कर्मचारियों से किया गया वादा पूरा करना भारतीय जनता पार्टी की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। वहीं नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि निगम के एमटीएस कर्मचारियों के समान वेतन देने के लिए बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस बारे में स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल घोषणा नहीं करती, बल्कि उन्हें क्रियान्वित भी करती है। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में महापौर सरदार इकबाल ने कहा कि निगम में कार्यरत मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समान वेतन की मांग को पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निगम में कार्यरत लगभग 4000 एमटीएस कर्मचारियों को अब समान वेतन का लाभ मिलेगा।

## इंटरस्टेट हेरोइन सिंडिकेट का पर्दाफाश, मुख्य सोर्स समेत तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने इंटरस्टेट हेरोइन सिंडीकेट का पर्दाफाश किया है। मुख्य सोर्स समेत तीन और आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। इनसे 150 ग्राम हेरोइन और ड्रग्स की कमाई बरामद हुई है। इस गिरफ्तारी के बाद ऑर्गनाइज्ड ट्रांस-यमुना ड्रग नेटवर्क का पता चला है। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसर नारकोटिक्स की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एएनटीएफ ने दिल्ली-एनसीआर के ट्रांस-यमुना इलाके में चल रही एक हेरोइन सप्लाई चेन को खत्म किया है। पिछली कार्रवाई को जारी रखते हुए जिसमें तीन आरोपियों सरोज उर्फ बाबू, राजकुमार उर्फ काले उर्फ शिवम और दीपाली को 808 ग्राम हाई-ग्रेड हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। अब एक और बड़ी कामयाबी हासिल करते हुये जिन तीन लोगों को पकड़ा गया है उनके नाम बबीता, संध्या और सपना है। तीनों उसी इंटर-स्टेट ड्रग तस्करी सिंडिकेट से जुड़े थे। पुलिस के अनुसार ऑर्गेनाइज्ड ड्रग फैमिली नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। जांच में पता चला कि आरोपी सपना ट्रांस-यमुना इलाके के बदनाम ड्रग तस्कर सुरेश राही के परिवार से है। फैमिली बैकग्राउंड से गहरे क्रिमिनल मामलों में शामिल होने का पता चलता है। सुरेश राही पांच एनडीपीएस एक्ट केस समेत 24 मामलों में शामिल रहा है।

## साहित्य सिखाता है सोचना, समझना और बोलना : प्रो. योगेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू)के पहले साहित्य महोत्सव 'दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल' (डीयूएलएफ) का शुभारंभ गुरुवार को विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ। फेस्टिवल के उद्घाटन अवसर पर डीयूएलएफ के पैटर्न इन चीफ डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य सोचना, समझना और बोलना सिखाता है। साहित्य व्यक्ति को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ मिट्टी से जोड़ने का भी काम करता है। उद्घाटन समारोह के पश्चात अनेक वक्ताओं के चर्चा सत्र हुए और विद्यार्थियों ने वक्ताओं से सवाल भी पूछे। खुले मैदान में लगे अनेकों प्रकाशकों के बुक स्टालों पर जहां भारी भीड़ रही तो वहीं रग्बी स्टेडियम में डीयू कल्चर काउंसिल के ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का खूब मन मोहा। कुलपति ने साहित्य महोत्सव के ध्येय वाक्य 'राष्ट्र प्रथम-एकता में अनेकता' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत आगे बढ़ रहा है। हमारे प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है, ऐसे में भारत की एकता को भी मजबूत करने की जरूरत है। शहीद भगत सिंह की जेल डायरी का उदाहरण देते हुए कुलपति ने बताया कि वह फांसी से पहले तक भी किताबें पढ़ते थे और लेख लिखते थे, इससे विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आज के बच्चे रील्स और शॉर्ट वीडियो देखते हैं। अब 30 सेकंड की राय, 15 सेकंड का गुस्सा और डेढ़-दो मिनट का ध्यान रह गया है।

# किशोर की चाकू मारकर हत्या चार नाबालिग समेत सात पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतर्गत बुधवार रात 17 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर हुई सनसनीखेज हत्या को पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। कुल सात लोग पकड़े गए है। इनमें चार नाबालिग बताये गये।

वारदात में हथियार के तौर पर इस्तेमाल किए गए चार चाकू भी बरामद हो गये। पुलिस के अनुसार 11 फरवरी की रात को लगभग 9:36 बजे, झंडा चौक, ई-ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना के पास चाकूबाजी की एक घटना की जानकारी मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को पूठ खुर्द स्थित महर्षि वाल्मीकि हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एमएलसी रिपोर्ट में छाती और शरीर के दूसरे हिस्सों पर चाकू के कई जानलेवा घाव मिले। शिकायतकर्ता सलीम ने आरोप लगाया कि रात करीब 8:30 बजे आरोपियों ने किशोर को रोका। कुछ लोगों के उकसाने पर ग्रुप ने बेरहमी से उस पर हमला किया। कुछ ने मुक्के और लात जबकि अन्य ने पीड़ित पर चाकुओं से हमला किया। शिकायतकर्ता सलीम के बयान के आधार पर यह पता चला कि वे एक दूसरे को जानते थे और पिछले किसी मामले को लेकर दुश्मनी थी। दोषियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए तुरंत एक टीम बनाई गई। टेक्निकल इनपुट और लोकल इंटेलिजेंस का एनालिसिस करने के बाद टीम दोषियों को पकड़ने में सफल रही और उनके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए चार चाकू भी बरामद किए।

आरोपियों में चार नाबालिग है। तीन के नाम सलीन, साहिल और फहद उर्फ मोनू है। तीनों जेजे कॉलोनी, बवाना के रहने वाले हैं और इनकी उम्र 18 से 21 वर्षो के बीच है। नाबालिगों की उम्र 16 और 17 वर्ष है। साजिश की पूरी चेन का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

## विजेंद्र गुप्ता ने डीयू लिटरेचर फेस्टिवल में विधानसभा के बुक स्टॉल का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 12 से 14 फरवरी 2026 तक स्पोर्ट्स मल्टीपर्पस हॉल में आयोजित 'डीयू लिटरेचर फेस्टिवल' में विधानसभा के बुक स्टॉल का उद्घाटन किया। विधानसभा के इस स्टॉल पर छात्रों, संकाय सदस्यों और आगंतुकों की भारी भीड़ देखी गई, जिन्होंने गहरी उत्सुकता और उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। युवाओं को भारत की संसदीय विरासत से जोड़ने के लिए स्टॉल पर एक विशेष 'सेल्फी प्वाइंट' भी बनाया गया है, जो छात्रों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, विट्ठलभाई पटेल के जीवन और विरासत पर आधारित एक वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री), जिसे प्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है, स्टॉल पर प्रदर्शित की जा रही है। इस डॉक्यूमेंट्री ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और उनके अनुभव को और समृद्ध बनाया। विजेंद्र गुप्ता ने आगंतुकों की भारी रुचि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस उत्सव में कॉफी टेबल बुक को मिल रही असाधारण प्रतिक्रिया युवाओं के बीच भारत के संसदीय इतिहास को जानने के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाती है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शैक्षणिक और साहित्यिक मंचों पर दिल्ली विधानसभा की यह भागीदारी संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देने और युवा नागरिकों को विधायी लोकतंत्र के इतिहास, मूल्यों और जिम्मेदारियों से फिर से जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

# एनएच-9 पर कार और कंटेनर की भिडंत, दो महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

▪ दो बच्चे और ड्राइवर घायल

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर दिल्ली नगर निगम टोल प्लाजा के पास एक कार की कंटेनर ट्रक से टक्कर होने से दो महिलाओं की मौत हो गई और दो बच्चों सहित तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं मृतकों के नाम दीपांजलि (38) और नीलम गर्ग (55) बताये गये हैं। यह हादसा विनोद नगर डिपो के सामने टोल बूथ के पास हुआ।

पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना के संबंध में गाजीपुर थाने को सूचना सुबह 6:43 बजे मिली। तत्काल की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद की तरफ से आ रही एक सेल्टोस कार टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई थी। पुलिस ने कार में सवार दो महिलाओं को अचेत पाया। उनकी पहचान दीपांजलि और नीलम गर्ग के रूप में हुई। एक महिला वाहन के बाहर पड़ी मिली, जबकि दूसरी आगे की बाई तरफ की यात्री सीट पर फंसी हुई थी। दोनों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। कार चालक दीपांशु गर्ग और दो बच्चे विवान (5) और वाशु (3) घायल अवस्था में पाए गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए मैक्स अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। दोनों महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि घटना के सटीक क्रम और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस का अभी तक की जांच के बाद कहना है कि परिवार देहरादून से रोहिणी जा रहा था।

## खुद को बताता था हिमांशु भाऊ गैंग का बड़ा बदमाश

# रोहिणी में 10 करोड़ की जमीन हड़पने के प्रयास में बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने रोहिणी में 10 करोड़ की जमीन हड़पने के प्रयास में फर्जी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को हिमांशु भाऊ गिरोह का सक्रिय सदस्य बताता था। इसकी पहचान नरेला निवासी विकास उर्फ विक्की (32) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 26 नवंबर 2025 को अशोक विहार निवासी रजत गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति 'अंतरराष्ट्रीय कॉल' कर खुद को हिमांशु भाऊ गिरोह का सदस्य बताकर उन्हें धमकियां दे रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक फोन करने वाला व्यक्ति रोहिणी सेक्टर-23 स्थित लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य की उनकी संपत्ति अपने नाम कराने के लिए गुप्ता पर दबाव बना रहा था। पुलिस ने बताया कि यह संपत्ति जून 2022 में गुप्ता की पत्नी मेघा गोयल और उनकी साली निधि के नाम पर परवीन कुमार से खरीदी गई थी। गुप्ता ने आपराधिक धमकी और जबरन वसूली के आरोपों के समर्थन में डिजिटल ऑडियो रिकॉर्डिंग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे थे, जिसके आधार पर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इसी संपत्ति को लेकर वर्ष 2025 में हरियाणा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर रोहिणी के बेगमपुर थाने में भी एक मामला दर्ज किया गया था। इस खुलासे के बाद पुलिस को संदेह हुआ कि शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने के लिए धमकी भरे फोन किए गए थे। लंबी जांच के बाद पुलिस ने विकास की संलिप्तता का पता लगाया



और उसे नरेला इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान विकास ने बताया कि वह विवादित संपत्तियों के सौदे से जुड़ा रहा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 2022 में उसके दो सहयोगियों ने उसे रोहिणी स्थित प्लॉट के एक सौदे से परिचित कराया था, जिसे बाद में गुप्ता के परिवार के सदस्यों के नाम पंजीकृत कराया गया। पुलिस के अनुसार संपत्ति हासिल करने के प्रयास विफल रहने और शिकायतकर्ता द्वारा हस्तांतरण से इनकार किए जाने के बाद आरोपी ने खुद को हिमांशु भाऊ गिरोह का सदस्य बताकर धमकाने की साजिश रची थी।

## होटल के बाहर विदेशी नागरिक ने खुद को चाकू मारा

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज में एक होटल के बाहर नशे की हालत में तुर्कमेनिस्तान के एक नागरिक ने चाकू से खुद को घायल कर लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विदेशी नागरिक के गले पर जख्म आये हैं। होटल में ठहरने को लेकर उसका विवाद हुआ था। पुलिस के अनुसार यह घटना 'व्हाइट ग्लो होटल' के बाहर हुई, जहां जेहुन नाम का विदेशी नागरिक 20 जनवरी से 10 फरवरी के बीच रुका था। पुलिस के मुताबिक जेहुन 11 फरवरी को नशे की हालत में होटल लौटा और उसने पैसे न होने का दावा करते हुए ठहरने के लिए व्यवस्था करने की मांग की। होटल के कर्मचारियों ने उसे बताया कि कोई कमरा उपलब्ध नहीं है। इसके बाद वह उत्तेजित हो गया और उसने अपने पास मौजूद चाकू से अपने गले पर चोटें पहुंचाई।

खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने दहेज हत्या के एक मामले में आरोपी पति विशाल रावत निवासी बहीन पलवल हाल त्रिरखा कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। मृतका आरती महिला के पिता यशपाल निवासी अंधुआ पट्टी होडल ने शिकायत दी थी। बेटी की शादी वर्ष 2024 में विशाल रावत निवासी बहीन, पलवल हाल त्रिरखा कॉलोनी फरीदाबाद के साथ हुई थी।

### ठगी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने प्रीपेड टास्क के नाम पर 6,52,100 रुपए की ठगी करने के मामले में खाताधारक मिनाम सिद्दीकी निवासी लालबाग लखनऊ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सैनिक कॉलोनी निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में व्हाट्सएप पर घर बैठे टास्क पूरा कर पैसे कमाने का विज्ञापन प्राप्त हुआ।

### दिल्ली पासपोर्ट कार्यालय का एलसीडी गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना इलाके में फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह के सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी पुष्पेन्द्र कुमार सिंह लिपिक है। जो पासपोर्ट कार्यालय भीकाजी कामा पैलेस में एलसीडी के पद पर कार्यरत था।

# संगोष्ठी में दुनिया भर के वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और नीति-निर्माताओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अमृता विश्व विद्यापीठम में उन्नत जैव-चिकित्सा और ट्रांसलेशनल रिसर्च पर केंद्रित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एसपीएआरसी (स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ अकादमिक एंड रिसर्च कोलैबोरेशन) संगोष्ठी का आज सफल समापन हुआ। जिसमें भारत सहित दुनिया भर से आए वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया और वैश्विक स्तर पर अकादमिक व शोध सहयोग को मजबूत करने पर मंथन किया। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का संयुक्त आयोजन अमृता स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, आईआईटी कानपुर, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एसपीएआरसी कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया।

## वैश्विक स्तर पर अकादमिक व शोध सहयोग को मजबूत करने पर मंथन



### संगोष्ठी में शोधकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की

संगोष्ठी में आणविक उपचार, उन्नत डायग्नोस्टिक्स, रोग जीवविज्ञान, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर), चिकित्सा में कंप्यूटेशनल व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, इम्यूनिटी और क्लिनिकल ट्रांसलेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के विभिन्न विभागों, आईआईटी कानपुर, आईआईटी खड़गपुर, दिल्ली विश्वविद्यालय, रीजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी और अमृता विश्वविद्यालय के क्लिनिकल व लाइफ साइंसेज इकोसिस्टम से जुड़े वरिष्ठ शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के माइक्रोबायोलॉजी एवं इम्यूनोलॉजी के प्रोफेसर प्रो. रिचर्ड स्ट्रगनेल ने कहा कि एसपीएआरसी कार्यक्रम विभिन्न देशों और संस्थानों की पूरक क्षमताओं को एक साथ लाने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

### मंच के माध्यम से ट्रांसलेशनल साइंस को मिल रहा बढ़ावा

अमृता विश्व विद्यापीठम के लाइफ साइंसेज डीन डॉ. बिपिन नायर ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय का एसपीएआरसी कार्यक्रम एक ऐसा मजबूत मंच है, जिसने आईआईटी कानपुर की अकादमिक सख्ती और तकनीकी नवाचार, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न की वैश्विक शोध विशेषज्ञता और अमृता विश्वविद्यालय की मूल्य-आधारित शिक्षा व सामाजिक प्रभाव की सोच को एक साथ जोड़ा है। यह साझेदारी सभी के लिए लाभकारी और दूरगामी परिणाम देने वाली है। अमृता विश्व विद्यापीठम की प्रो वाइस चांसलर डॉ. मनीषा वी. रमेश ने कहा कि एसपीएआरसी में अमृता की भागीदारी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी वैश्विक स्तर की शोध प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से ट्रांसलेशनल साइंस को बढ़ावा मिल रहा है, जो जनस्वास्थ्य, नवाचार और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की दिशा में काम करेगा।

### शहर के साथ-साथ 2 साल में बदली है नगर निगम मुख्यालय की तस्वीर

# कार्यशैली को बेहतर करने के लिए कार्य स्थलों का बेहतर होना जरूरी: नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में नगर निगम द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, टीएसटीपी प्लांट, सी एम ग्रिड, स्पोर्ट्स कंपलेक्स, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर, निगम स्कूलों में डिजिटल लैब, प्राकृतिक पेंट प्लांट की शुरुआत हुई है,वहीं शहर को नया स्वरूप देने के लिए स्कल्पचर के कार्यों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे शहर के कई प्रमुख चौराहों का सौंदर्यकरण होगा, शहर के प्रमुख मार्गो पर पेंटिंग के कार्य से भी शहर की सुंदरता को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, वर्तमान में गाजियाबाद विकास की दौड़ में सबसे आगे है इसी के साथ-साथ नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार नगर निगम मुख्यालय का स्वरूप भी बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है।

नवयुग मार्केट स्थित जर्जर हालत में दिखने वाला नगर निगम मुख्यालय अब नए स्वरूप में नजर आएगा। मरम्मत के साथ-साथ एलिवेशन का कार्य जोरो से कराया जा रहा है साथ में बनी आई टी एम एस की बिल्डिंग को भी पूर्ण रूप से हाईटेक बनाया गया है जिसके माध्यम से जन समस्याओं के समाधान को भी रफ्तार दी जा रही है जिसमें मॉनिटरिंग को प्रबल किया गया है।



### नगर निगम शहर को नया स्वरूप दे रहा है: आयुक्त

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि नवयुग मार्केट स्थित गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में प्रतिदिन शहर वासियों तथा शहर के बाहर से भी आगंतुकों का आवागमन बना रहता है आगंतुकों द्वारा ही, गाजियाबाद नगर निगम जहां शहर में विकास कर रहा है शहर को नया स्वरूप दे रहा है। पिछले 2 साल में नगर निगम में शौचालय की स्थिति को सुधर गया है, आगंतुकों हेतु वेटिंग एरिया भी व्यवस्थित किया गया है, अधिकारियों, कर्मचारियों के बैठने की स्थान को भी बेहतर किया गया है, इसी के साथ-साथ नगर निगम परिसर में बने पार्क को भी पूर्ण रूप से व्यवस्थित और सुंदर बनाया गया है, बोर्ड बैठक हेतु कार्यकारिणी बैठक हेतु बने हुए कक्ष का भी जीर्णोद्धार किया गया है तथा पूर्ण रूप से सुंदर और सुसज्जित बनाया जा रहा है।

### स्टाफ बैठने की व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि नगर निगम मुख्यालय के जीर्णोद्धार का कार्य जोरों पर चल रहा है जिसमें आवश्यकता को देखते हुए कार्य कराए गए हैं इसके अलावा पुरानी इलेक्ट्रिसिटी की व्यवस्था को बदलते हुए सभी तारों को बदल गया है। प्रत्येक ताल पर लाइट के पैनल भी बदले गए हैं, अग्नि सुरक्षा संयंत्र भी सुचारु किया जा रहा है जिसमें फायर प्रोटक्शन सिस्टम भी लगाए गए हैं, सदन कक्ष में विशेष रूप से स्प्रिंकलर नोजल भी लगाए गए हैं। प्रत्येक सप्ताह में सभी विभागों के बने हुए कार्य स्थलों का जायजा लिया जा रहा है जिसमें न केवल स्टाफ के बैठने की व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है बल्कि हर विभाग में आगंतुकों का आवागमन रहता है। उसको ध्यान में रखते हुए भी बैठने की व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है।

### स्व. पीआर धमीजा की यादगार में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

# अच्छा स्वास्थ्य खुशहाल जीवन की पहली सीढ़ी: कृष्णपाल गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अच्छा स्वास्थ्य खुशहाल जीवन की पहली सीढ़ी है, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने यह शब्द सेक्टर-16 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में आए लोगों से बातचीत करते हुए। शिविर स्व. पीआर धमीजा की स्मृति में धमीजा परिवार द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य जांच की। हरियाणा के फूड सप्लाई मिनिस्टर राजेश नागर ने कहा कि स्व धमीजा का आशीर्वाद सदा उन्हें मिलता रहा है, उनका परिवार उनकी स्मृति में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा कर पुण्य कार्य कर रहे हैं।

स्वास्थ्य जांच शिविर में केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने नेत्र विशेषज्ञ डॉ विनय अरोड़ा से नेत्र जांच करवाई और कहा कि वह भी जल्द ही ग्रामीण क्षेत्र में एक मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगवाएंगे, इससे ग्रामीण आंचल के लोगों को भी शहर के नामी हॉस्पिटल की मुफ्त सेवायें मिल सकें और वह भी स्वस्थ रहें। गुर्जर ने कहा कि यहां लीवर की जांच के लिए फैब्रोस्कैन मुफ्त किया जा रहा है। ये टेस्ट बहुत कम अस्पतालों में उपलब्ध है और बहुत ही महंगा है, शिविर में इतना महंगा टेस्ट मुफ्त होना लोगों के लिए सही मायने में लाभदायक है। उन्होंने हॉस्पिटल के निदेशक डॉ रोहित गुप्ता, डॉ युवराज कुमार, डॉ उमेश कोहली, डॉ तन्वी सावंत, डॉ उदित कपूर, डॉ बीके उपाध्याय, डॉ विद्या नायर, डॉ अनुभव गुप्ता, डॉ अनुज शर्मा, डॉ भावना ग्रोवर सहित संदीप कुमार को सम्मानित किया। सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव एमएल मेहता व उनकी टीम ने फूल मालाओं से गुर्जर का स्वागत किया। हरियाणा के खाद्य आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने स्वास्थ्य शिविर में आए डॉक्टरों से मिलते हुए बोन डेंसिटी टेस्ट करवाया। टेस्ट से हड्डियों की क्षमता की जांच होती है, पता चलता है कि शरीर की हड्डियों में कैल्शियम या अन्य पदार्थों की कमी है या नहीं।

### राष्ट्रीय हड़ताल का फरीदाबाद में व्यापक असर, सरकार को दी चेतावनी

# हजारों की संख्या में कर्मचारी व मजदूरों ने बीके से अजरौंदा चौक तक निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर आयोजित राष्ट्रीय हड़ताल का फरीदाबाद में व्यापक असर रहा।

यह हड़ताल सभी कच्चे कर्मियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण पर रोक और लेबर कोड्स, बिजली संशोधन बिल व बीवी जी राम जी विधेयक को वापिस करने, खाली पदों को भरने, तीस हजार न्यूनतम वेतन और आंगनवाड़ी, आशा व



मिड डे मील वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने आदि दर्जनों मांगों को लेकर आयोजित की गई थी। हड़ताली कर्मचारी और मजदूर अपने-अपने कार्यालयों पर प्रदर्शन करने के बाद हजारों की संख्या में बीके चौक पर एकत्रित हुए और वहां से अजरौंदा चौक मथुरा रोड़ तक जूलूस निकाला। केंद्र एवं राज्य सरकार की मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, सीटू की राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड एक.आर सिंधु, एचएमएस के राष्ट्रीय जिला प्रधान राजपाल डॉगी, सीटू के प्रधान निरंतर पाराशर, सर्व कर्मचारी संघ के जकरतार सिंह व सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, आईसीसीयू के प्रधान जवाहर आदि उपस्थित रहें।

### वार्ड 36 में विकास को मिली नई गति

# मंत्री गोयल ने कहा विकास, पारदर्शिता और जनविश्वास हमारी कार्य संस्कृति का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने नगर निगम के वार्ड नबंर-36 में लगभग 4 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत की। इस अवसर पर पार्षद कुलदीप साहनी ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यह पहल केवल परियोजनाओं का शुभारंभ नहीं, बल्कि उत्कृष्ट फरीदाबाद के निर्माण की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता घोषणाओं तक सीमित नहीं बल्कि विकास को धरातल पर उतारकर नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि जिन विकास कार्यों को गति दी गई है।

### रोज बेल पब्लिक स्कूल में भव्य विदाई समारोह का आयोजन

**गाजियाबाद।** रोज बेल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या धर्मजीत कौर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने जीवन में अनुशासन और परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को टाइटल अवार्ड प्रदान किए गए। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सम्मान मयंक कुमार एवं प्रिया यादव को दिया गया। मोस्ट डिसिप्लिन्ड विद्यार्थी के रूप में सजल अग्रवाल और राधिका को सम्मानित किया गया। वहीं मोस्ट हैंडसम का खिताब निखिल शर्मा, मोस्ट ब्यूटीफुल का खिताब परि गुप्ता तथा बेस्ट ड्रेस्ड का टाइटल राघव कपूर और नर्गिस को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और मनोरंजक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के साथ बिताए पलों को साझा करते हुए भावुक विदाई दी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **नाम राहुल गुडवानी, पुत्रः श्री देशराज गुडवानी, निवासीः ए–21, ग्राउंड फ्लोर, साउथ एक्सटेंशन पार्ट–1, नई दिल्ली और फ्लैट नंबर 2301, टावर ई–3, क्लियो काउंटी, सेक्टर–121, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **CC No. NI Act/6010/2022 U/S 138 एनआई एक्ट** के तहत एक मामला **थाना महरौली, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **राहुल गुडवानी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राहुल गुडवानी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **CC No. NI Act/6010/2022 U/S 138 एनआई एक्ट, थाना महरौली, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल गुडवानी** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **17.03.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री पूजा कुमारी,
न्यायिक मजिस्ट्रेट, एनआई एक्ट स्पेशल कोर्ट,
दक्षिण जिला, रूम नंबर 25,
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।

DP/1920/SD/2026
(अदालती मामला)



## पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड

PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजीकृत कार्यालय : ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत
टेलीफोन नंबरः +91–11–47385300, फैक्सः +91–11–47480746
ईमेलः pearl@pearlpet.net, वेबः www.pearlpet.net

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | नौ महीने समाप्त 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | नौ महीने समाप्त 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | परिचालन रो कुल आय (शुद्ध) | 465.12 | 414.58 | 521.38 | 1,817.28 | 2,044.83 | 2,516.81 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर और अपवादात्मक मदों से पहले) | −164.26 | −193.79 | −221.69 | −68.6 | −69.27 | −527.13 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | −164.26 | −193.79 | −221.69 | −68.6 | −69.27 | −527.13 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर के बाद (असाधारण मदों के बाद) | −164.26 | −193.86 | −221.69 | −68.67 | −69.27 | −512 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि)(कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | −164.26 | −193.86 | −221.69 | −68.67 | −69.27 | −515.24 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | | | 1,657.36 |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/– रुपये प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | 1. मूल | −0.98 | −1.15 | −1.32 | −0.41 | −0.41 | −3.04 |
| | 2. तनुकृत | −0.98 | −1.15 | −1.32 | −0.41 | −0.41 | −3.04 |

नोटः
ऊपर सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए अलेखापरीक्षित तिमाही और नौ महीने समाप्त के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः www.pearlpet.net पर उपलब्ध है।

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
उदित सेठ
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00005403

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12 फरवरी 2026



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में नारनौंद में 50 बिस्तर से 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एचवीएसी सिस्टम का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य)। | 11.02.2026 18.02.2026 | 77.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | खानपुर डिस्टी. के विभिन्न कि.मी. पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग (बाढ़ के पानी की वजह से) की मरम्मत + 10 कार्य। | 11.02.2026 19.02.2026 | 12.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | कैनाल कॉलोनी बिंझोल, पानीपत में सिनि. टाइप क्वार्टर नं. 3 में आवधिक मरम्मत और रखरखाव कार्य के लिए आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.02.2026 | 6.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ संरक्षण कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 09.02.2026 16.02.2026 | 28.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | 1800 मिमी डाया पाइप के जंक्शन प्वाइंट पर गांव भैणी सुरजन, भैणी चन्द्रपाल और सैमाण आउटफॉलिंग के नीचे पड़ने वाले क्षेत्रों के पानी को निकालने के लिए भूमिगत आरसीसी एनपी3 पाइप लाइन 900 मिमी, 1200 मिमी डाया को बिछाना + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.02.2026 | 1469.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | भालोठ सब ब्रांच के भालोठ सब ब्रांच (क्रॉसिंग डीडी8) के आरडी 83000 पर एक्वेडक्ट और एस्कैप का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 02.03.2026 | 1684.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रूपावास :- आरसीसी पाइप इनलेट चैनल को बदलना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, वितरण पाइप लाइन बिछाना, स्लुइस वॉल्व हौदियां, नये टैप कनेक्शन और बहाली तथा रूपावास में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 10.02.2026 05.03.2026 | 128.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव लधियापुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 4 कार्य। | 10.02.2026 18.02.2026 | 181.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | झांसा – गांव झांसा ब्लॉक इस्माइलाबाद, जिला कुरुक्षेत्र में ई–लाइब्रेरी का निर्माण। | 11.02.2026 17.02.2026 | 30.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज भिवानी | गांव सिकंदरपुर ब्लॉक बवानीखेड़ा में बाल्मिकी धर्मशाला में हॉल और बरामदे का निर्माण, एचजीवीवाई + 6 कार्य। | 11.02.2026 17.02.2026 | 217.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज भिवानी | गांव कौंट, भिवानी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 11.02.2026 17.02.2026 | 52.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 12 | सिविल सर्जन जीन्द | डेंटल ऑर्थो और अन्य मदों को खरीदने के लिए ई–निविदा सूचना का प्रकाशन करना। | 11.02.2026 23.02.2026 | ईएमडी 30000 | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/240/42976/I/88/7 दि. 12.02.26



## एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

CIN- L65100DL1993PLC053936 पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्कैंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली–110001, भारत
Website: www.fmecinternational.com Email: fmecinternational@gmail.com Contact: 011-49954225

31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आय | 255.63 | 670.72 | 175.28 |
| कर से पूर्व लाभ | 100.80 | 196.71 | 58.55 |
| कर के बाद लाभ | 72.83 | 144.58 | 43.57 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | - | - | - |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 889.18 | 889.18 | 889.18 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | - |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) | | | |
| बेसिक | 0.8191 | 1.6260 | 0.4900 |
| डायल्यूटिड | 0.8191 | 1.6260 | 0.4900 |

**टिप्पणी :** उपरोक्त 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का एक सार है, जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 12 फरवरी 2026 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के अनुसरण में वैधानिक अंकेक्षक द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है।

बोर्ड के आदेशानुसार एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
(अपूर्व बंसल)
प्रबंध निदेशक
निवासी : ए–708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली–110092

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 12.02.2026

## पेज एक का शेष

### डीएसी ने दी ...

लागत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए होगी। यहां बता दें कि साढ़े चार पीढ़ी से आगे (4.5+) के इन राफेल विमानों का उत्पादन फ्रांस की डेसॉल्ट एविएशन नामक कंपनी करती है। रक्षा मंत्रालय द्वारा विमानों की खरीद को लेकर दी गई यह मंजूरी भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और उसके बाद इसी 17 से 19 फरवरी तक की जाने वाली फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तीन दिवसीय भारत यात्रा से ठीक पहले दी गई है। आगामी समय में इससे संबंधित प्रस्ताव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। जिसमें बाद इसे लेकर दोनों देशों की सरकारों के बीच यानी जी-टू-जी स्तर पर एक समझौते होगा और उस पर दोनों देशों के प्रतिनिधि हस्ताक्षर करेंगे।

**अभी वायुसेना के पास हैं 30 स्क्वाड्रन:** गौरतलब है कि अभी वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल करीब 30 स्क्वाड्रन हैं। जबकि उसे चीन और पाकिस्तान से दोनों मोर्चों पर मिल रही युद्ध की साझा चुनौती के बीच ऐसी कुल 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता है। वर्तमान में बल से कुछ लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन अपना सेवाकाल पूरा कर फेज आउट भी हो रही हैं। जिनमें मिग-21 मुख्य है। वहीं, वायुसेना के युद्धक बेड़े को जिन स्क्वाड्रन से मजबूती मिल रही है। उनमें जगुआर की 6, मिग-29 की 3, मिराज की 5, सुखोई-30 एमकेआई की करीब 13, तेजस की 2 और राफेल विमानों की 2 स्क्वाड्रन शामिल हैं। राफेल की दोनों स्क्वाड्रन अंबाला और हाशिमारा एयरबेस पर तैनात की गई हैं। जानकारों की राय में वायुसेना के लिए दी गई 114 राफेल विमानों की खरीद की मंजूरी का ये निर्णय बेहद अहम साबित होगा। क्योंकि इनकी मदद से उसके जंगी बेड़े को भविष्य में और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर कभी भी दुश्मन के हौसले पस्त किए जा सकेंगे।

### लोकसभा में हंगामे...

के हक के लिए सड़कों पर भी अपने विरोध की आवाज बुलंद करेगा। सरकार से केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकारते हुए उनके विरोध को राजनीतिक करार दिया और कहा, संशोधित विधेयक देश में श्रमिकों और कामगारों के हितों की पूरी तरह से रक्षा करता है। अब महिला और पुरुष को समान काम के लिए गारंटी के साथ समान वेतन का सिद्धांत लागू होगा। संशोधन से सरकार की मंशा औद्योगिक संबंध संहिता 2020 में बदलाव करने की थी। सरकार भविष्य में भी विपक्ष से आने वाले सुझावों पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

### हरदीप पुरी के....

पुरी सदन में आ गए। तभी शोर-शराबा कर रहे सांसदों ने अपना पूरा ध्यान उनकी ओर केंद्रित हुए पुरी को सदन से वापस जाने और उनके खिलाफ शेम-शेम की नारेबाजी की जाने लगी। हंगामे-शोरगुल के बीच पीठासीन सभापति ने 11 बजकर 7 मिनट पर कार्रवाई को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। यहां बता दें कि एपस्टीन फाइल्स में हरदीप पुरी का नाम आने के बाद पूर्व में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अब समूचे विपक्ष ने उनके खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है।

### अपने भरण-पोषण....

से बड़े सुधारों का दावा किया था। लेकिन ये पहले जल्दबाजी में बना कानून और बाद में मानी गई गलती है। देश में 90% मजदूर असंगठित क्षेत्र के हैं। संशोधनों के जरिए नौकरी में कटौती, छंटनी को आसान बनाने के साथ ही यूनियनों की आवाज को दबाने का काम किया गया है। जिससे बदलाव बाद मजदूरों की स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी। सरकार मजदूरों को असुरक्षा और उद्योगों को ढील दे रही है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा, 'ये (मजदूर) हैं बुनियाद के पत्थर, इन्हें ना छेड़ो तुम। ये हट जाएंगे तो पूरी इमारत ही ढह जाएगी'। टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने कहा, इस विधेयक से श्रमिकों की पूरी आजीविका खत्म हो जाएगी। देश की मुख्य ताकत कृषि क्षेत्र के बाद श्रमिक ही हैं। आजादी के बाद से लेकर आज तक हालात बहुत बदल गए हैं। संविधान में रोजगार, सामाजिक सुरक्षा की बात की गई थी। लेकिन बढ़ते निजीकरण के साथ लगता है कि सरकार मजदूरों के साथ मजाक कर रही है। शिवसेना (यूबीटी) से अरविंद सावंत ने कहा, बिल के प्रावधान बेहद खतरनाक हैं। एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले ने कहा, किस कीमत पर हम बेहतर अर्थव्यवस्था बना रहे हैं। जिन किसानों, मजदूरों, शोषितों, वंचितों ने देश को तीसरी अर्थव्यवस्था के स्तर तक पहुंचाया, उनकी अब कोई सुनवाई नहीं है।

### अब होगी तालमेल ...

जानना चाहिए। केंद्र का उद्देश्य तालमेल से तरक्की का है। गैर-कानूनी हड़ताल व तालाबंदी पर रोक लगेगी। देशहित में काम हो सकेगा। विधेयक में आरएसएस का कोई सदस्य शामिल नहीं होगा। विवाद में कर्मचारी को नियोक्ता से अतिरिक्त सुरक्षा मिलेगी। लोक जनशक्ति पार्टी के अरुण भारती, जदयू के कौशलेंद्र कुमार ने भी चौधरी की तरह ही विधेयक का समर्थन किया।

### श्रमेव जयते ने....

सरकारों (कांग्रेस, टीएमसी) में मजदूरों और उद्योगपतियों को आमने-सामने रखने की कोशिश की गई। जिससे देश का भला नहीं हुआ। दोनों को साथ-साथ चलाना पड़ेगा। टीएमसी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जिन्होंने उद्योगों की कभी रक्षा नहीं की, उन्हें बंगाल से भागकर गुजरात आना पड़ा। वहां हजारों लोगों को रोजगार मिला। जबकि बंगाल में हजारों लोगों के काम को छीन लिया गया। अब ये लोग हमारे सामने मजदूरों, श्रमिकों के कल्याण की बात करते हैं। हमारी सरकार श्रमिकों के हितों की सुरक्षा चाहती है, श्रमिकों के साथ खड़ा रहती है और उद्योगों को भी आगे बढ़ाना चाहती है। तभी देश आगे बढ़े सकता है। पूर्व में 4 लेबर कोड पारित किया गया है। जो देश के प्रत्येक नागरिक को न्यूनतम वेतन की गारंटी देता है। ये नरेंद्र मोदी की गारंटी है। लेबर कोड में हर युवा को नियुक्ति पत्र देने की गारंटी यानी अनिवार्यता की गई है। अब 1 साल के काम के बाद भी ग्रेच्युटी देनी होगी। पहले 5 साल में मिलती थी। खतरनाक क्षेत्र (सीवर, खदान) में काम करने पर असाध्य रोग होने का खतरा रहता है। इनमें पहले 50 अब 10 से कम श्रमिक होने पर ईएसआई मिलेगी। संहिता को लागू हुए ढाई महीने हुए हैं, दो सर्वे (सरकारी-निजी) आए हैं। जिससे देश में रोजगार बढ़ने व सामाजिक सुरक्षा की पुष्टि होती है। उन्होंने कहा कि भाषण, राजनीति से कामगारों का भला नहीं होता, काम करने से बात बनती है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने डॉ.अंबेडकर के मूल मंत्र श्रमेव जयते के साथ श्रमिकों को पूरा सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने विपक्ष से श्रम संहिता की वास्तविकता को समझने की अपील की और कहा कि ये कानूनी स्पष्टता के लिए लाया गया एक छोटा से संशोधन है।

### संवैधानिक ...

पोषण से वंचित करना और जाति के आधार पर भोजन का बहिष्कार करना सामाजिक न्याय की अवधारणा के खिलाफ है। उन्होंने यह भी मांग की कि इस घटना को कार्यस्थलों (वर्क प्लेसेस) पर होने वाले व्यापक जाति-आधारित भेदभाव के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनके अनुसार, जातिगत पूर्वाग्रह अब केवल सामाजिक जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्थागत ढांचे और सरकारी सेवाओं में भी दिखाई दे रहा है।

### बीएनपी की 50....

रूप से जीत दर्ज की है। करीब 18 महीने पहले स्टूडेंट्स की बगावत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरा दी थी। शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से बैन कर दिया गया।

### तो रद्द होगी राहुल ...

भाषणों के जरिए देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। दुबे के इस बयान पर सदन में हंगामा हुआ और उसके बाद कार्रवाई को शुक्रवार (13 फरवरी) सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**देश तोड़ने वाली ताकतों संग जा मिले राहुल: दुबे:** निशिकांत ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैंने आज राहुल गांधी के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया है। जिसमें यह बताया है कि वह अपनी विदेश यात्राओं (थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया) में देश को तोड़ने वाली साजिशों जैसे सोरोस, यूएस ऐड और फोर्ड फाउंडेशन के साथ मिलकर देश को गुमराह कर रहे हैं। सेना के मनोबल को गिरा रहे हैं और जितनी देश विरोधी शक्तियां हैं। उनके साथ भारत के टुकड़े-टुकड़े कर देना चाहते हैं। इस प्रस्ताव के जरिए मेरी लोकसभा अध्यक्ष से यही मांग है कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए, उनके आजीवन चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जानी चाहिए। मैंने प्रस्ताव पर सदन में चर्चा करने की मांग भी की है। भाजपा सांसद ने यह भी साफ किया कि नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सरकार की तरफ से फिलहाल विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की योजना नहीं है। लेकिन मेरा यह प्रस्ताव एक स्वतंत्र प्रस्ताव है, जिसमें मैंने उनकी संसद सदस्यता खत्म करने की मांग की है। वहीं, सूत्रों ने भी ये पुष्टि की है कि सरकार राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं लाएगी। क्योंकि उन्होंने अपने बजट भाषण में सरकार के विरूद्ध लगाए गए आरोपों को सदन में प्रमाणित नहीं किया है।

### लोकसभा सांसदों ने ...

पर विपक्षी प्रतिनिधियों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में कांग्रेस पार्टी के लगभग सभी लोकसभा सांसद मौजूद रहे और उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष की रणनीति को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। बैठक का आयोजन संसद भवन के ऐनेक्स एक्सटेंशन में किया गया, ताकि सांसद बिना संसद की मुख्य कार्यवाही प्रभावित किए आराम से विचार-विमर्श कर सकें। हालाँकि, कुछ बातों पर भी चर्चा चल रही है। पिछली ऐसी बैठक में पार्टी के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर की अनुपस्थिति ने सुराग दिए थे कि विपक्ष में रणनीतिक दृष्टि से मतभेद भी मौजूद हैं। लेकिन वर्तमान बैठक में सभी प्रमुख सांसदों की भागीदारी से कांग्रेस की एकजुटता का संकेत मिला है।

### कृषि बनाम...

कमजोर करने वाला करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुई इस डील में भारतीय कृषि बाजार के दरवाजे खोल दिए गए हैं, जिससे विदेशी कृषि वस्तुओं के आयात को प्रोत्साहन मिल सकता है। उन्होंने दावा किया कि कपास, सोया, सेब और अन्य फल-सब्जियों पर आयात के दरवाजे खोल दिए गए हैं जिसका प्रतिकूल असर भारतीय किसानों पर पड़ेगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोहम्मद बिलाल उर्फ शाहिद** पुत्र मोहम्मद अनवर हुसैन, निवासी- झुग्गी नंबर एस-265/112, आईजी कैंप, पहाड़ी नंबर 1, तैमूर नगर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 412/2023 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद बिलाल उर्फ शाहिद** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद बिलाल उर्फ शाहिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद बिलाल उर्फ शाहिद, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 412/2023 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री विनोद जोशी**
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
दक्षिण पूर्व जिला
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/1710/SE/2026**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82(2)(ii)Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रोहित उर्फ चिन्टू पुत्रः राम बाबू**, पताः ए–21, गली नं. 11, गढ़ी मैंडू, दिल्ली, **FIR No.312/23, U/s 25 Arms Act**, थानाः भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ चिन्टू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ चिन्टू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.312/23, U/s 25 Arms Act**, थानाः भजनपुरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ चिन्टू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पंकज राय**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—01**
**कमरा नं. 73, पांचवी मंजिल, जिला एन.ई.**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1380/NE/2026**
**(Court Matter)**

CNH CAPITAL

**CNH Industrial Capital (India) Private Limited**
(CIN: U65999DL2017PTC325228)
**Regd Office:** 4th Floor Rectangle No.1 Behind Marriot Hotel,
Commercial Complex D4, Saket, New Delhi South Delhi DL 110017 IN
**Statement under Regulation 52(4) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 for the quarter and nine months ended 31 December 2025**
**(Rs. in Millions)**


**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31 December 2025**

| S.No. | Particulars | Quarter ended | | | Half Year ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2025 (Unaudited | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 768.52 | 660.21 | 691.60 | 2,085.48 | 1,836.42 | 2,427.93 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 250.07 | 87.07 | 370.75 | 518.12 | 686.52 | 763.83 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 244.84 | 87.07 | 370.75 | 512.89 | 686.52 | 763.83 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 176.69 | 75.42 | 276.85 | 381.91 | 511.30 | 593.68 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)) | 177.97 | 72.94 | 279.00 | 368.15 | 516.07 | 594.86 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 1,922.92 | 1,738.71 | 1,469.77 | 1,922.92 | 1,469.77 | 1,548.56 |
| 8. | Securities Premium Account | - | - | - | - | - | - |
| 9. | Net Worth | 5,894.92 | 5,710.71 | 5,441.77 | 5,894.92 | 5,441.77 | 5,520.56 |
| 10. | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 16,542.62 | 16,342.65 | 12,918.82 | 16,542.62 | 12,918.82 | 14,063.24 |
| 11. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 12. | Debt Equity Ratio | 2.81 | 2.86 | 2.37 | 2.81 | 2.37 | 2.55 |
| 13. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)* | | | | | | |
| | a) Basic | 0.44 | 0.19 | 0.70 | 0.96 | 1.29 | 1.49 |
| | b) Diluted | 0.44 | 0.19 | 0.70 | 0.96 | 1.29 | 1.49 |
| 14. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 15. | Debenture Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debt Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 17. | Interest Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA | NA | NA |

*Quarter and nine months Basic EPS and Diluted EPS are not annualised

Note 1: The above unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31 December 2025 have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 12 February 2026 and are limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company pursuant to the requirement of Regulation 52 of the Securities Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015 (as amended) including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Note 2: The above is an extract of the detailed format of the quarter and half year ended results filed with the Bombay Stock Exchange ("BSE") under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015. The full financial results are available on the website of BSE (https://listing.bseindia.com).

Note 3: For other items referred to in the sub-clauses of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015 the pertinent disclosures have been made to the BSE and can be assessed on (https://listing.bseindia.com).

Note 4: The results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standard (Ind AS) 34 - "Interim Financial Reporting" as prescribed under section 133 of the Companies Act,2013 (the Act) and other accounting principles generally accepted in India.

For and on behalf of the Board of Directors of
**CNH Industrial Capital (India) Private Limited**
**Vishal Chaudhury**
Managing Director
DIN No.: 09463209

Place: Gurugram
Date: 12 February, 2026



स्पेशल: वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना



बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यम:** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियो:** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?

**ज्ञान के प्रसार में सहायक:** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।



**संकटमोचन की भूमिका में रेडियो:** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदान:** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।




जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियो:** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणी:** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशन:** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुन:** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस:** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।




# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।



**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन:** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

**इसलिए कहते हैं ब्लैक सी:** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माण:** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट वे बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192



1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तर:** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा


**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वाले:** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव



एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताब:** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखक:** गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शैडो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



# परिवहन विभाग ने किया राज्य परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग ने राज्य परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन कर दिया है। परिवहन विभाग का अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव अब इसका अध्यक्ष नहीं होगा। इसमें अब अध्यक्ष के रूप में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नाम निर्दिष्ट अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर का अधिकारी होगा। राज्य परिवहन प्राधिकरण में सदस्य के रूप में परिवहन आयुक्त होंगे। वहीं प्राधिकरण का सचिव भी मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा नाम निर्दिष्ट उपसचिव या अपर सचिव होगा। परिवहन विभाग के भारसाधक सचिव एवं संयुक्त आयुक्त प्रशासन को प्राधिकरण में सहायता करने हेतु प्राधिकरण में सहायता करने प्राधिकरण विशेष आमंत्रितियों के रूप में आमंत्रित कर सकेगा। इसके पहले परिवहन विभाग ने 28 मार्च 2025 को जब मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत राज्य परिवहन प्राधिकार का गठन किया था। तब इसमें अध्यक्ष के रूप में परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को अध्यक्ष बनाया गया था। सदस्य के रूप में परिवहन आयुक्त इसमें शामिल किए गए थे। लेकिन अब पूरे राज्य परिवहन प्राधिकार का पुनर्गठन कर दिया है।




### अब ट्रांसपोर्ट विभाग से नहीं होगा अध्यक्ष, सदस्य के तौर पर बने रहेंगे आयुक्त

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन की जल्द होगी शुरुआत

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत अप्रैल- मई से होना है। इसके लिए राज्य स्तर पर परिवहन प्राधिकरण का गठन किया गया था। राज्य परिवहन प्राधिकरण बसों के परमिट भी जारी करता है। न्यायालय में यह दिक्कत आ रही थी कि जो परमिट जारी करने वाले अधिकारी के प्राधिकरण में अध्यक्ष रहने पर ट्रांसपोर्टर कोर्ट में आपत्ति लगाते थे।

### *कोर्ट में पेश होंगे परिवहन विभाग के अधिकारी*

*कोर्ट के मामलों में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए परिवहन विभाग के एसीएस, पीएस और सचिव को प्राधिकरण से अध्यक्ष के पद से हटाया गया है। दूसरे विभाग के अधिकारी अब इसमें अध्यक्ष होंगे। कोर्ट में मामले तो परिवहन विभाग का अधिकारी ही पेश करेगा।*

हरियाणा सरकार का बजट सत्र से पहले तोहफा

# 13 श्रेणी की पेंशन में बढ़ोतरी दो दिन में जारी होगा पैसा

**» *30 लाख पेंशनरों को 3200 से लेकर 14000 रुपये तक की हर महीने पेंशन मिलेगी***

**» *एसिड अटैक विक्टिम को 7500 से 14400 तक मिलेंगे***



**20 फरवरी से शुरू होना है बजट सत्र**
*विपक्ष पेंशन के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर*

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने बजट सेशन से पहले पेंशनरों को बड़ी राहत दी है। सरकार की ओर से 13 कैटेगरी की पेंशनों में 200 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब प्रदेश के करीब 30 लाख पेंशनरों को 3200 से लेकर 14000 रुपये तक की हर महीने पेंशन मिलेगी। सीएम नायब सैनी के निर्देश पर सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट की ओर से इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। अभी तक 9 कैटेगरी की पेंशनों में हर महीने लाभार्थियों को 3 हजार रुपये दिए जा रहे थे, लेकिन अब सरकार की ओर से 200 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 3200 रुपये महीने दिए जाएंगे।

| योजना | पुरानी | नई | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| लाडली सोशल सिक्योरिटी | 3000 | 3200 | 200/- |
| दिव्यांगजन पेंशन | 3000 | 3200 | 200/- |
| बौनापन पेंशन | 3000 | 3200 | 200/- |
| निराश्रित महिला/विधवा | 3000 | 3200 | 200/- |
| अविवाहित व्यक्ति | 3000 | 3200 | 200/- |
| वृद्धावस्था सम्मान भत्ता | 3000 | 3200 | 200/- |
| दुर्लभ बीमारी पीड़ित | 3000 | 3200 | 200/- |
| तीसरी चौथी स्टेज का कैंसर | 3000 | 3200 | 200/- |
| एसिड अटैक (40-50%) | 7500 | 8000 | 500/- |
| एसिड अटैक (50-60%) | 10500 | 11200 | 800/- |
| एसिड अटैक (60% से अधिक) | 13500 | 14400 | 900/- |
| गैर स्कूली दिव्यांग बच्चे | 2400 | 2600 | 200/- |
| निराश्रित बच्चे (एक बच्चा) | 2100 | 2300 | 200/- |
| कश्मीरी प्रवासी परिवार प्रति व्यक्ति | 1500 | 1700 | 200/- |
| कश्मीरी प्रवासी अधि. एक परिवार | 7500 | 8500 | 1000/- |

### बढ़ी पेंशन का लाभ नवंबर 2025 से मिलेगा

इन कैटेगरी में लाडली सोशल सिक्योरिटी पेंशन स्कीम, पेंशन टू डिफरेंटली एबिल्ड पर्सन, विधवा पेंशन जैसी स्कीम शामिल हैं। सीएम ने अधिकारियों को ये बढ़ी हुई पेंशन दो दिनों के भीतर जारी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले कई दिनों से कांग्रेस नेता पेंशन को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रहे थे। बुढ़ापा पेंशन कटने और पेंशन न बढ़ाने को लिए लगातार सरकार की आलोचना हो रही थी। वहीं 20 फरवरी से प्रदेश में बजट सत्र भी चालू होने वाला है। माना जा रहा है कि इन्हें देखते हुए ही सरकार ने पेंशन बढ़ाने का फैसला लिया।

## काम खत्म और बिल तैयार, फिर भी 6 महीने बाद निविदाएं

**रायपुर।** सीएसपीडीसीएल रायपुर निर्माण संभाग में निर्माण कार्यों की निविदाओं में पहले काम पूरा कराया गया, मापन के बाद बिल बनाया और फिर छह माह बाद उन्हीं निविदाओं को निरस्त कर दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने विभागीय कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता की भूमिका संदेह में है। दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी निविदा निरस्तीकरण को विशेषज्ञ वित्तीय अनियमितता का संकेत मान रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जिन कार्यों पर विवाद है वे संबंधित निविदाओं के तहत पूर्ण हो चुके थे। कार्य स्थल का हस्तांतरण, सर्वे, परमिट, ट्रांसफार्मर इश्यू, लाइन चार्ज की अनुमति जैसे सभी तकनीकी चरण पूरे किए गए। इसके बाद विभागीय मापन हुआ और बिल भी तैयार किए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि बिलों की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद उन्हें तत्काल भुगतान के बजाय छह माह तक कार्यपालन अभियंता के कार्यालय में विचाराधीन रखा गया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई लिखित आदेश के बजाय मौखिक निर्देशों के आधार पर हुई। इसी दौरान अधीक्षण अभियंता को आरोप पत्र जारी हुआ। इसके बाद भी वे उसी पद पर बने रहे और संबंधित मामलों पर प्रभाव बनाए रखे। करीब छह महीने बाद अचानक आदेश जारी कर उन्हीं निविदाओं को अलग-अलग कारणों से निरस्त कर दिया गया, जिनके कार्य पूरे हो चुके थे और बिल प्रक्रिया भी हो चुकी थी।

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन

# सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से बढ़ेगा मप्र का गौरव, खुलेगा आयुर्वेद का धनवंतरी इंस्टीट्यूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन अब सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा है। सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 1133.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन हो रहा है। इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर के हर घर में लंबे समय तक जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से प्रदेश का गौरव बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के ग्राम हरियाखेड़ी में जल आवर्धन परियोजना के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री लगभग 47.23 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए ही हमारी सरकार गरीब से गरीब के कल्याण में लगी हुई है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही उज्जैन जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके सम्मान और सफाई कर्मचारियों को किट वितरण जैसी गतिविधियां प्रतीक स्वरूप आयोजित की गई हैं।

### मुख्यमंत्री ने कालिदास अकादमी उज्जैन में किया कार्यक्रम को संबोधित

### क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा की।

### उज्जैन भी मेट्रोपॉलिटन सिटी का हिस्सा होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थः 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। राज्य सरकार इसके लिए सभी तैयारियों को समय रहते हुए पूरा कर रही है। उज्जैन बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी बुनियादी सुविधाओं के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। रामघाट के पास एक छोटा और एक बड़ा पुल बनाया जा रहा है। अगले महीने मार्च में उज्जैन में भव्य गीता भवन का लोकार्पण होगा। शीघ्र ही उज्जैन-इंदौर फोर लेन रोड का भूमि-पूजन भी किया जाएगा।

**उज्जैन के निकट बसे लगभग 20 ग्राम योजना में शामिल-**

हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत सिलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहिबखेड़ी को मुख्य जल स्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख तथा मेला क्षेत्र की अस्थायी जनसंख्या लगभग 21.83 लाख अनुमानित है। दिव्य राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में लगभग 2 करोड़ 28 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।

### जनजातीय समुदाय की समृद्धि का आधार बन रहे वन मेले : डॉ यादव

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वन मेले प्रदेश की समृद्ध जैविक और वानस्पतिक विविधताओं को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम हैं। इनके जरिए हमारे जनजातीय भाई-बहनों को वनोत्पाद और काष्ठ शिल्प विक्रय करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि 'श्री महाकाल वन मेले' की आज से शुरूआत हो गई है। मेले में प्रदर्शित जड़ी-बूटियां तथा विभिन्न प्रकार के शुद्ध एवं सुरक्षित अकाष्ठीय लघु वनोत्पाद आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से रोगोपचार में बेहद उपयोगी होते हैं। वनौषधियां हर रोग के इलाज में कारगर साबित हो रही हैं। इनसे असंभव रोग का इलाज भी संभव हो रहा है। डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय बजट-2026 में एम्स की तर्ज पर देश में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने की घोषणा की गई है।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज में प्रतिपादित किए समानता के नए सिद्धांतः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश के बूथ स्तर पर विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए गए, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने गरीबों के उत्थान, समाज में समानता और स्वावलंबन को लेकर जो मार्गदर्शन दिया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। भाजपा सरकारें एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलते हुए अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं।


## लउनि संचित लाभ में से सीएम को करेगा लाभांश भेंट

**भोपाल।** मप्र लघु उद्योग निगम अपने संचित लाभ में से जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लाभांश के रूप में राशि भेंट करेगा। एमएसएमई मंत्री एवं निगम के अध्यक्ष चैतन्य कुमार काश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम के मुख्यालय पंचानन भवन में हुई संचालक मंडल की 294वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव, एमएसएमई, राघवेंद्र कुमार सिंह और निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर लालच देकर फंसाते थे

# ई-चालान के मैसेज से खाली हो रहे थे बैंक खाते, पुलिस ने पकड़े दो ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर रेंज पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ठगी करने वाले दो साइबर आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी एप के जरिए एंड्रॉइड यूजर्स को निशाना बनाते थे और उनके मोबाइल से फर्जी एसएमएस भेजकर बैंक खातों से रकम पार कर देते थे। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में पृथ्वी कुमार बिश्नोई उर्फ राहुल (20) निवासी ग्राम डोलीकला, थाना कल्याणपुर, बाड़मेर (राजस्थान) और नरसिंह सिंह (24) निवासी भोपालगढ़, जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिम कार्ड और बैंक खाते से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

# पत्नी के वाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्डिंग को माना जा सकता है सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि वैवाहिक विवादों में पत्नी के वाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्डिंग को फैमिली कोर्ट मजबूत सबूत के रूप में मान सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि निजता के नाम पर ऐसे सबूतों को रोका गया, तो फैमिली कोर्ट का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। यह मामला रायपुर के एक दंपती से जुड़ा है, जहां पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की थी।

पति ने आरोप लगाया कि पत्नी के अन्य लोगों से संबंध हैं और इसे साबित करने के लिए उसने पत्नी के वाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर पेश करने की अनुमति मांगी। पत्नी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पति ने उसका मोबाइल फोन हैक कर अवैध तरीके से ये सामग्री हासिल की है, जिससे उसके निजता के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। फैमिली कोर्ट ने पति की अर्जी स्वीकार कर ली थी, जिसके खिलाफ पत्नी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की सिंगल बेंच ने पत्नी की याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत दिया गया निजता का अधिकार पूर्ण नहीं है। निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार सार्वजनिक न्याय से जुड़ा है और यह व्यक्तिगत निजता से ऊपर है। यदि केवल प्राइवेसी के आधार पर जरूरी सबूतों को रोका जाएगा, तो फैमिली कोर्ट किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाएगी।

### *पति ने कोर्ट से मांगी थी सबूत पेश करने की अनुमति*



कोर्ट ने यह भी कहा कि फैमिली कोर्ट एक्ट की धारा 14 फैमिली कोर्ट को यह विशेष अधिकार देती है कि वह वैवाहिक विवाद के प्रभावी निपटारे के लिए किसी भी प्रासंगिक दस्तावेज या जानकारी को सबूत के रूप में स्वीकार कर सकती है, भले ही वह सामान्य रूप से एविडेंस एक्ट के तहत मान्य न हो। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि कोई सबूत मामले से जुड़ा और जरूरी है, तो उसे किस तरीके से हासिल किया गया है, यह उतना महत्वपूर्ण नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि अदालतों को दोनों पक्षों के हितों के बीच संतुलन बनाना होता है। पति को अपनी बात साबित करने के लिए जरूरी और प्रासंगिक सबूत पेश करने का अवसर मिलना चाहिए, ताकि मामले का निष्पक्ष और सही फैसले हो सके।

## प्रॉपर्टी टैक्स की शत-प्रतिशत वसूली और एआई से जन-समस्याओं का त्वरित समाधान अनिवार्य

**भोपाल।** आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास संकेत भोंडवे ने कहा कि नगरीय प्रशासन में पारदर्शिता और कार्य क्षमता ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने 25 फरवरी और 15 मार्च को प्रदेश के सभी नगर निगमों में विशेष वसूली शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर बल दिया, ताकि समस्याओं का समाधान 2 से 3 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जा सके। आयुक्त भोंडवे भौरी के सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में बुधवार को विभागीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ई-ऑफिस प्रणाली और डिजिटल लॉकर के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने को कहा गया।

## एनईपी-2020 भारत केंद्रित, बाल-केंद्रित और भविष्य केंद्रित शिक्षा दृष्टिः मंत्री सिंह

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विषय वस्तु का पुस्तकों में समावेश विषय आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 न केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन का दस्तावेज है, बल्कि यह भारत केन्द्रित, बाल-केन्द्रित और भविष्य केन्द्रित शिक्षा दृष्टि है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनेक शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के अथक परिश्रम का परिणाम है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें तैयार हों जो विद्यार्थी में जिज्ञासा, तर्कशक्ति, सृजनशीलता और भारतीयता तथा पर्यावरण के प्रति संरक्षण की दृष्टि के बोध को विकसित करें। पुस्तक शिक्षक के लिए मार्गदर्शक बने, बोझ नहीं।

**डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L74140DL1994PLC304881,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्रा पैलेस, नई दिल्ली-110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 9017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

**31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| क्र. सं. | विवरण | 31.12.2025 को समाप्त तिमाही हेतु | 31.12.2024 को पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह | 30.09.2025 को समाप्त तिमाही पूर्ववर्ती 3 माह | 31.12.2025 के अनुसार वर्ष से तिथि आंकड़े | 31.03.2025 को समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 11.66 | 0.09 | 2.34 | 18.31 | 78.30 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पूर्व) | 0.45 | (15.59) | 2.34 | 18.31 | 16.78 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 0.45 | (15.59) | 2.34 | 18.31 | 16.78 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 0.45 | (15.59) | 2.34 | 18.31 | 16.78 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 0.34 | (15.59) | 1.75 | 13.72 | 12.33 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल @ रु. 10/- प्रत्येक | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 | 1,161.29 |
| 7 | रिजर्व (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | | |
| | बेसिक : | 0.00 | (0.13) | 0.02 | 0.12 | 0.11 |
| | डायल्युटेड : | 0.00 | (0.13) | 0.02 | 0.12 | 0.11 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त तैमाहिक परिणामों को ऑडिट कमेटी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और 12 फरवरी 2026 को आयोजित इसकी बोर्ड बैठक में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत ये स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये हैं।
2. तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('IND AS') के अनुसार तैयार किये गये है और तदानुसार, ये वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 ("दि एक्ट") की धारा 133 के तहत निर्धारित "अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग" ("IND AS 34") में निर्धारित भारतीय लेखा मानक 34 में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015, संशोधित अनुसार (दि "लिस्टिंग रेगुलेशंस") के नियमन 33 के अनुपालन में तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कोई आवेदन मार्गदर्शन / स्पष्टीकरण / निर्देश अथवा अन्य नियामक जब वे जारी / लागू योग्य होते हैं, के अनुसार क्रियान्वित किये जाते हैं।
4. भारतीय प्रतिभूतियों एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों की एक सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
5. कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक "ऑपरेटिंग सेगमेंट्स" (IND AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट नहीं है और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की अपेक्षा नहीं है।
6. पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि के लिये रिग्रुप्ड/रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
राजेश गुप्ता
निदेशक
डीआईएन : 00025324

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.02.2026

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**
Regd.off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036
Corp.Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-48, Gurugram (Haryana)-122002, Ph.0124-2719000
CIN: L26912DL1991PLC045449, Website : www.sainikfinance.com, Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com
Extract of Statement of Standalone Financial Results of the Company for the quarter/nine months ended on 31 December 2025
(Rs. in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | 3 months ended (Unaudited) 31.12.2025 | 3 months ended (Unaudited) 30.09.2025 | Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited) 31.12.2024 | 9 months ended (Unaudited) 31.12.2025 | Corresponding 9 months ended in the previous year (Unaudited) 31.12.2024 | Year to date figures for previous year ended (Audited) 31.03.2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 441.21 | 408.95 | 398.13 | 1,212.15 | 1,147.10 | 1,672.82 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 123.51 | 61.27 | 140.51 | 277.00 | 353.09 | 623.29 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 123.51 | 61.27 | 140.51 | 277.00 | 353.09 | 623.29 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 123.51 | 72.98 | 140.29 | 291.05 | 350.57 | 617.61 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 123.51 | 72.98 | 140.29 | 291.05 | 350.57 | 612.21 |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share :Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) as per previous financial year | - | - | - | | | 3,331.26 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : | 1.14 | 0.67 | 1.29 | 2.68 | 3.22 | 5.68 |
| | 2. Diluted : | 1.14 | 0.67 | 1.29 | 2.68 | 3.22 | 5.68 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Result for the quarter/nine months ended 31 December 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2 The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 12 February 2026. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Sarvesh Sindhu
Director (DIN-06545787)

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 12 February 2026

## चिंतन

# लोकतांत्रिक सरकार संबंध सुधारने पर दे सकती है जोर

बांग्लादेश में संपन्न हुए 13वें संसदीय चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया भर नहीं हैं, बल्कि ये दक्षिण एशिया की कूटनीतिक दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव भी हैं। चुनाव परिणामों को लेकर भले ही विभिन्न दलों और पर्यवेक्षकों के बीच मतभेद हों और उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हों, लेकिन यह निर्विवाद है कि ढाका की सत्ता में बैठने वाली नई सरकार का रुख भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 4000 किलोमीटर से अधिक लंबी साझा सीमा है, जो दोनों देशों को सुरक्षा, व्यापार, सांस्कृतिक संपर्क और रणनीतिक दृष्टि से गहराई से जोड़ती है। ऐसे में बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिरता और उसकी विदेश नीति का स्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। चुनाव से पहले आवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) दोनों ने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों की बात कही थी। यह संकेत आशावादी है। यदि लोकतांत्रिक ढंग से गठित नई सरकार क्षेत्रीय सहयोग और संतुलन की नीति अपनाती है, तो हाल के वर्षों में आई कूटनीतिक दूरी कम हो सकती है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल में चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों तथा भारत के साथ रिश्तों में आई ठंडक ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ाई थी। ऐसे माहौल में लोकतांत्रिक जनादेश से बनी सरकार यदि संतुलित विदेश नीति अपनाती है, तो यह दोनों देशों के लिए राहत की बात होगी। यह भी ध्यान रखना होगा कि बांग्लादेश में चीन की आर्थिक उपस्थिति लगातार बढ़ी है। बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में चीन की सक्रियता ने ढाका को नए विकल्प दिए हैं। पाकिस्तान के साथ भी ऐतिहासिक और राजनीतिक समीकरण समय-समय पर चर्चा में आते रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए चुनौती यह है कि वह प्रतिस्पर्धा के बजाय विश्वास और विकास साझेदारी के माध्यम से संबंधों को मजबूत करे। भारत को बांग्लादेश के आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और जन-जन के संपर्क को प्राथमिकता देकर रिश्तों को स्थायी आधार देना होगा। भारत की ओर से आई आधिकारिक प्रतिक्रिया परिपक्व और संतुलित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि पहले चुनाव परिणामों का इंतजार किया जाएगा और उसके बाद जनादेश की प्रकृति को देखते हुए आगे की रणनीति तय होगी। यह बयान केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत पड़ोसी देशों में स्थिर और लोकतांत्रिक शासन को अपने हितों के अनुरूप मानता है। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते केवल रणनीतिक समीकरण नहीं हैं, वे साझा इतिहास, संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की भूमिका ने दोनों देशों के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी थी। हाल के वर्षों में व्यापार, ऊर्जा सहयोग, सीमा प्रबंधन, रेल और जलमार्ग संपर्क जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों को राजनीतिक उतार-चढ़ाव का शिकार नहीं बनने देना चाहिए। नई लोकतांत्रिक सरकार के सामने चुनौती होगी कि वह घरेलू राजनीतिक स्थिरता कायम रखते हुए संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति अपनाए। भारत को भी चाहिए कि वह बड़े भाई की छवि से आगे बढ़कर समानता और सम्मान के आधार पर संबंधों को विकसित करे। लोकतंत्र की मजबूती और पड़ोसी सहयोग ही क्षेत्र को स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।

# विवाद की जड़ बनी अप्रकाशित आत्मकथा




मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

> दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई और व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई।

प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था।

अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक




रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था।

यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है। क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए, परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है।

जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है। डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के। इससे गलत व्याख्याओं और अफवाहों की संभावना भी बढ़ जाती है। बेहतर यह होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे। जनरल नरवणे की आत्मकथा आज भले ही औपचारिक रूप से प्रकाशित न हो, परंतु उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहानियां केवल अनुमति से नहीं, आवश्यकता से जीवित रहती हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व रेडियो दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



# मन की बात ने बढ़ाया रेडियो का मान-सम्मान

विश्व रेडियो दिवस प्रतिवर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है। कोई माने या न माने, मगर यह बिलकुल सच है कि भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने पुनर्जीवित कर नया जीवनदान दिया है। मोदी के लोकप्रिय शो 'मन की बात' ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। एक वक्त था जब रेडियो पर यह आकाशवाणी है, ये शब्द सुनते ही बच्चे से बुजुर्ग तक रेडियो को घेर कर खड़े हो जाते थे। यह हर कोई जानता है कि रेडियो जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए लाखों-करोड़ों लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को अपने नवाचार कार्यक्रम के माध्यम से नयी पहचान और जीवनदान देने का श्रेय निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाता है।

आठवें दशक तक या यूं कहें कि दूरदर्शन के आगमन तक रेडियो ही शिक्षा, संचार और मनोरंजन के क्षेत्र की सिरमौर था। उस दौरान घर-घर में ही नहीं अपितु हर हाथ में रेडियो था और लोग इससे चिपके रहते थे। हर प्रकार की सूचना का संवाहक था रेडियो। 1980 के बाद संचार के आधुनिक साधनों के प्रादुर्भाव के साथ रेडियो का प्रभाव घटता गया। लोगों ने रेडियो के स्थान पर टीवी को अपनाना शुरू कर दिया। इसी बीच 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'मन की बात' नामक एक क्रान्तिकारी कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी नवाचार के साथ रेडियो का एक तरह से पुनर्जन्म हुआ। दूरदर्शन के प्रादुर्भाव से पूर्व यानि अस्सी के दशक तक रेडियो पर सुनाई देने वाली यह आवाज संचार के आधुनिक साधनों के बीच गायब सी हो गई थी। पहले भारतीय




प्रसारण सेवा, फिर आल इंडिया रेडियो और इसके बाद आकाशवाणी के रूप में रेडियो अस्तित्व में रहा। दूरदर्शन के बढ़ते प्रभाव ने इसकी उपयोगिता पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया, रही सही कसर निजी चैनलों और मोबाइल ने पूरी कर दी। मगर हाल के वर्षों में जहां लोगों में रेडियो की चाह बढ़ी है, वहीं इसकी बिक्री भी तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। कह सकते हैं कि इसे नया जीवन मिला है। यह सच है कि रेडियो की साख कमजोर हुई है, मगर आज भी यह अब भी देश में सबसे ज्यादा एरिया कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो की पहुंच देश की 99.20 प्रतिशत आबादी तक है। देश के 92.6 प्रतिशत भूभाग को यह कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन संचालित सार्वजनिक क्षेत्र की रेडियो प्रसारण सेवा है। इस सेवा का नाम भारतीय प्रसारण सेवा रखा गया था। देश में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में सन 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों से की गई। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ।

1957 में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी रखा गया। सरकारी प्रसारण संस्थाओं को स्वायत्तता देने के इरादे से 23 नवंबर 1997 को प्रसार भारती का गठन किया गया, जो देश की एक सार्वजनिक प्रसारण संस्था है और इसमें मुख्य रूप से दूरदर्शन और आकाशवाणी को शामिल किया गया है। आकाशवाणी या रेडियो को हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेय दिया जा सकता है। आजादी से पूर्व आकाशवाणी अनेकता में एकता का सशक्त माध्यम थी। एक-दूसरे के पास इसी माध्यम से सारी जानकारी पहुंचती थी। आजादी के बाद प्रगति और विकास का एक मात्र सजीव माध्यम बना आकाशवाणी। बड़े-बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का एक मात्र साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता थी। मगर धीरे-धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी। फलस्वरूप लोगों ने आकाशवाणी से मुंह मोड़ लिया। इससे आकाशवाणी बहुत थोड़े क्षेत्रों में सिमट कर रह गया। मगर जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने इसकी सुध-बुध ली, तब से इसका महत्व एक बार फिर बढ़ा। विशेष रूप से प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम प्रसारित होना शुरू हुआ तब से एक बार फिर आकाशवाणी लोगों के सिर चढ़ गया। रेडियो अब फिर से आमजन व घरों तक पहुंचने लगा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य परमात्मा है, सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है



संकलित
## दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

# दुख से मुक्ति ही है असली जीत?



संकलित
## प्रेरणा

हमारे जीवन में बहुत अव्यवस्था है। उसे ठीक किए बिना ध्यान का कुछ भी अर्थ नहीं। यदि आप यह सोचकर ध्यान में बैठ जाएं कि इससे व्यवस्था आ जाएगी, तो ऐसा नहीं हो सकता। पहले अपने दैनिक जीवन में सुव्यवस्था स्थापित करें, तब ध्यान की गहराइयों में उतरने का लाभ होगा। सब युद्ध की तैयारियों में लगे हुए हैं। इन तैयारियों से विश्व में कहीं-न-कहीं, किसी-न-किसी प्रकार का विस्फोट अवश्य होगा। हम एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्वक कभी भी नहीं रह पाए हैं। शांति के बारे में हम बातें खूब करते हैं। सारे धर्मों ने शांति का ही संदेश दिया है, लेकिन इस धरती पर शांति कभी भी संभव नहीं हो पाई है। यह धरती, जिस पर हम सब रहते हैं, किसी एक देश की नहीं है। यह हम सबकी और हमारी धरती है। इस नफरत का संभवतः एक प्रमुख कारण यह है कि हमारे हृदय हिंसा से भरे हैं। हम कभी भी शत्रुता के भाव से, प्रतिशोध के भाव से मुक्त नहीं रहे। कभी भी अपने भय, दुख, घावों और प्रतिदिन के जीवन की पीड़ा से मुक्त नहीं हो पाए। हमें कभी शांति नहीं मिली। हम हमेशा परेशानियों में घिरे रहते हैं। यह सब हमारे जीवन का हिस्सा हैं। हमारे प्रतिदिन के दुखभोग का हिस्सा है। इस प्रेम विरहित दुखभोग से मुक्ति पाने के लिए मनुष्य ने कई रास्ते आजमाए हैं। उसने इसका दमन करके देख लिया। किसी श्रेष्ठतर तत्व से अपना तादात्म्य करके देख लिया। किसी आदर्श के लिए, किसी विश्वास के लिए, किसी आस्था के लिए अपने आपको समर्पित कर के देख लिया। फिर भी यह दुख कभी समाप्त नहीं होता। हम इसके अभ्यस्त हो चुके हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है।

*-सूरज कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



स्वराज, स्वदेशी व स्वावलंबन के प्रणेता महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की और सामाजिक कुरीतियों के त्याग व स्त्री शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' से वैदिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। स्वामी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### वन भूमि पर अतिक्रमण



जो लोग पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा हमें सौंपे गए संकट की भयावहता से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक है। 2,676 वर्ग किलोमीटर वन भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है! इसे ठीक करने के लिए भाजपा काम कर रही है!

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एक हाट में दो दुकान



बात ये नहीं है कि बवाल हुआ, बात ये है कि किसने होने दिया, कहीं ये मामला 'एक म्यान में दो तलवार' या 'एक हाट में दो दुकान' के झगड़े वाला तो नहीं है? अपने गृह-नगर में ही अपना विरोध देखकर उनको भी दुख हुआ, जो दूसरों के दुख दूर करने की बात करते हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### बजट निराशाजनक



राजस्थान विस में पेश किया गया बजट न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि प्रदेश की जनता में भविष्य को लेकर चिंताएं पैदा करने वाला है। बजट में कोई घोषणा ऐसी नहीं है जिसे व्यापक जनहित में कहा जा सके।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

# सिएटल ने भारतीय छात्रा की मौत के मामले में किया समझौता




अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय स्नातकोत्तर छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह मादक पदार्थ संबंधी एक कॉल के बाद कार्रवाई के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रहे थे। उनकी गाड़ी की आपातकालीन लाइट जल रही थीं और चौराहों पर सायरन का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को जारी बयान में कहा, जाह्नवी कंदुला की मौत हृदयविदारक है और शहर को उम्मीद है कि यह वित्तीय समझौता कंदुला परिवार को कुछ हद तक संतोष प्रदान करेगा। जाह्नवी कंदुला का जीवन महत्वपूर्ण था। यह उनके परिवार, मित्रों और हमारे समुदाय के लिए मायने रखता था। कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में सूचना प्रणाली (इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स) में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की।

## ऑफ बीट

# कोई भी जीवित जीव 'आदिम' नहीं, फिर भी ऐसी मान्यता क्यों

हम मनुष्य लंबे समय से स्वयं को विकास (इवोल्यूशन) की पराकाष्ठा मानते रहे हैं। अन्य प्रजातियों को अक्सर आदिम या प्राचीन कहा जाता है और उच्च एवं निम्न जीव जैसे शब्दों का उपयोग किया जाता है।



मानव-केंद्रित इस दृष्टिकोण को 1866 में और बल मिला, जब जर्मन वैज्ञानिक अर्न्स्ट हैकेल ने जीवन-वृक्ष (ट्री ऑफ लाइफ) का एक प्रारंभिक चित्र बनाया, जिसमें मनुष्य को स्पष्ट रूप से शीर्ष पर दिखाया गया। इस चित्रण ने यह धारणा लोकप्रिय बनाई कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य हैं। आधुनिक विकासवादी जीवविज्ञान इस सोच को नकारते हैं। उनके अनुसार विकास में कोई पदानुक्रम नहीं है। आज जीवित सभी प्रजातियां-चिंपैंजी से लेकर बैक्टीरिया तक-एक-दूसरे की संबंधी हैं, जिनकी विकास-रेखाएं समान रूप से लंबी हैं; वे किसी की पूर्वज या उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसके बावजूद आदिम जैसी अवधारणाएं वैज्ञानिक पत्रिकाओं और विज्ञान पत्रकारिता में अब भी दिखाई देती हैं। मैंने अपनी नयी पुस्तक अंडरस्टैंडिंग द ट्री ऑफ लाइफ में लिखा है कि किसी भी वर्तमान प्रजाति को आदिम, प्राचीन या सरल कहना मूलत: भ्रामक है और विकास का इतिहास जटिल, गैर-पदानुक्रमित और परस्पर जुड़ा हुआ है। अंडे देने वाले स्तनधारी मोनोट्रीम कहलाते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

भारत बंद का देशभर में मिलाजुला रहा असर

# कई राज्यों में कर्मचारियों, श्रमिकों और वामपंथी दलों ने किया प्रदर्शन

देश के कुछ राज्यों में भारत बंद का असर दिखाई दिया। कोलकाता में कुलियों ने काम बंद रखा और सोते रहे। पंजाब में केवल ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

### गाड़ियों में सोते रहे कुली



केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बीच कोलकाता में कुली अपनी गाड़ियों पर सोते रहे।

प्रयागराज और देहरादून में भी ट्रेड यूनियनों के सदस्यों का विरोध प्रदर्शन

### पंजाब में उठी नीतियां वापस लेने की मांग



**अमृतसर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान अमृतसर में विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाए



**प्रयागराज।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा श्रम संहिताओं को निरस्त करने और नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई हड़ताल के दौरान गुरुवार को प्रयागराज में कर्मचारियों, श्रमिकों और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### पुलिस ने यूनियनों को सचिवालय जाने से रोका



**देहरादून।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान पुलिसने देहरादून में यूनियनों के सदस्यों को उत्तराखंड सचिवालय की ओर मार्च करने से रोका।

### सरकारी नीतियों वापस लेने की मांग दोहराई



**हैदराबाद।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम कानूनों को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान कर्मचारियों, श्रमिकों और वामपंथी दलों के सदस्यों ने हैदराबाद में गुरुवार को प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### शिवम को 20 हजार के मुचलके पर जमानत



**कानपुर।** यहां के हाई-प्रोफाइल लैंबॉर्गिनी हादसे के मुख्य आरोपी शिवम मिश्रा को बुधवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। वकीलों की हड़ताल और अदालती कामकाज के बहिष्कार के बीच विशेष सुनवाई में कोर्ट ने न केवल शिवम की जमानत मंजूर की, बल्कि पुलिस द्वारा मांगी गई रिमांड अर्जी को भी खारिज कर दिया।

### प्रसन्ना कुमार बने आईसीएआई के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने गुरुवार को नए नेतृत्व का ऐलान किया है। आईसीएआई की काउंसिल ने वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए प्रसन्ना कुमार डी को अपना नया अध्यक्ष चुना है।74वें अध्यक्ष के तौर पर वे अपना कार्यभार संभालेंगे।

### पंचोली को राहत नहीं मिली, नोटिस जारी

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बॉलीवुड एक्टर आदित्य पंचोली की एक याचिका पर सुनवाई की। इसमें 2019 में मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में दर्ज दुष्कर्म मामले की एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। लेकिन, हाईकोर्ट ने राहत न देते हुए नोटिस जारी किया है।

संसद की कार्यवाही हंगामे के कारण फिर नहीं चल सकी

# विपक्ष ने की नारेबाजी व सदन के बीचोंबीच आकर किया हंगामा... तख्तियां भी दिखाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेनेट्टी ने प्रश्नकाल के लिए एक सदस्य का नाम पुकारा तभी विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा और नारेबाजी करने लगे और सदन के बीचोंबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी ने कहा कि हंगामे के बीच प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की और बिजली राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाईक ने एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि सरकार की नीतियों के कारण बिजली के क्षेत्र में देश संपन्न हुआ है।

हंगामा बढ़ने पर पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सदन में तख्तियां लेकर आना नियम के विरुद्ध है इसलिए सदस्य तख्तियों को नीचे रख दें। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में कई महत्वपूर्ण सवाल है इसलिए सभी अपने अपने स्थान पर जाएं। पीठासीन अधिकारी के आग्रह का कोई असर नहीं हुआ और हंगामा तेज हो गया जिसके कारण सदन को बारह बजे तक स्थगित करना पड़ा।

पीठासीन अधिकारी की समझाइश को भी नकारा

**संसद में फिर दिखी सत्तापक्ष विपक्ष के बीच तकरार, आरोप-प्रत्यारोप**



संसद में नारेबाजी करता विपक्ष

### हंगामे पर चिराग ने बताई आंखों देखी

## संसद में उस दिन कुछ भी हो सकता था...

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का कहना है कि 4 फरवरी को लोकसभा में जो कुछ भी हुआ और जो माहौल था, उसमें कुछ अप्रिय घटना घट सकती थी। पीएम मोदी का संबोधन टालने के स्पीकर के फैसले का समर्थन किया। पासवान ने राहुल गांधीपर खुलकर बात की। पासवान ने कहा कि मैं भी उस वक्त संसद में मौजूद था, जब विपक्ष की कुछ महिला सांसद आक्रामक तरीके से बैनर लेकर प्रधानमंत्री की सीट की तरफ बढ़ीं।



**विपक्ष को लिया आड़े हाथ**

पासवान ने कहा कि विपक्ष का एक पैटर्न है, खासकर कांग्रेस एक मुद्दा पकड़ती है और उस मुद्दे को लेकर सदन को नहीं चलने देती। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। राहुल एक ही मुद्दा उठाते रहते हैं और सदन में न वे बोलते हैं और न ही किसी को बोलने देते हैं।

**सिर्फ प्रामाणिक मुद्दों पर करें चर्चा**

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पासवान ने कहा कि ये गलत है, नेता प्रतिपक्ष को बोलने के बहुत मौके मिले हैं, लेकिन वे सिर्फ एक मुद्दे पर बोलना चाहते हैं, इसके चलते वे अन्य मुद्दों पर नहीं बोल पाते। संसद के नियम साफ हैं कि सिर्फ प्रमाणिक मुद्दों को ही संसद में उठाया जा सकता है।

राहुल पर भड़के गिरिराज

## गेहूं और जौ के पौधे में जरा अंतर बता दें?

नरेंद्र मोदी सरकार में कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा हमला किया है। भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता के लिए झूठा, लूच्चा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल पर किसानों का नकली हितैषी होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह गेहूं और जौ के पौधे या गाय की बाछा और बाछी की पहचान नहीं कर पाएंगे। मंत्री ने उन पर विदेशों में भारत की छवि धूमिल करने का भी आरोप लगाया और कहा कि इनकी भी फाइल खुलने वाली है।



### राहुल किसानों के नकली हितैषी

गिरिराज ने कहा कि राहुल जैसा झूठा नेता नहीं देखा। वे किसानों के नकली हितैषी हैं। मेरे साथ खेत में चलकर गेहूं और जौ के पौधे में जरा अंतर बता दें। वे गाय की बाछी और बछड़े को भी पहचान पाएंगे कि कौन किस लिंग का है?

राकांपा की चतुर्वेदी बोलीं

### किताब पढ़ना अब आपराधिक कृत्य माना जा रहा, कार्रवाई हो रही

पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब पर सियासी हंगामा मचा है। किताब के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने पर उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख की किताब पढ़ना अब राजद्रोह, राष्ट्र-विरोधी और आपराधिक कृत्य माना जा रहा है।

# डांकुनी-सूरत समर्पित माल ढुलाई कॉरिडोर के क्रियान्वयन के निर्देश

## रेलवे ने शुरू की फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2026 में घोषित डांकुनी–सूरत समर्पित माल ढुलाई कॉरिडो (डीएफसी ) के त्वरित क्रियान्वयन के लिए भारतीय रेल ने फास्ट-ट्रैक कार्रवाई शुरू कर दी है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

करीब 2,100 किलोमीटर लंबा प्रस्तावित यह नया डीएफसी पश्चिम बंगाल के डांकुनी से गुजरात के सूरत तक बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर गुजरेगा। इसके निर्माण से पूर्वी और पश्चिमी भारत के बीच माल परिवहन को नई गति मिलेगी, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था अधिक तेज और दक्ष बनेगी, मालगाड़ियों के आवागमन का समय घटेगा तथा मौजूदा रेल मार्गों पर भीड़भाड़ कम होगी।

### अत्याधुनिक तकनीकी मानकों पर जोर

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आधुनिक माल ढुलाई तंत्र को ध्यान में रखते हुए सर्वोत्तम तकनीकी मानकों को तुरंत अंतिम रूप दें। प्रस्तावित विशेषताओं में उच्च क्षमता वाली विद्युतीकरण प्रणाली, शून्य लेवल क्रॉसिंग तथा 'कवच' जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली शामिल हैं। इनसे सुरक्षा में वृद्धि और माल ढुलाई क्षमता में सुधार होने की उम्मीद है।

### डीपीआर का अद्यतन और चरणबद्ध क्रियान्वयन

कॉरिडोर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को नवीनतम लागत अनुमान और संशोधित समयसीमा के साथ अपडेट किया जाएगा। इससे परियोजना की बेहतर योजना, बजट प्रबंधन और समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा।

### पूर्व-निर्माण गतिविधियों में तेजी

रेलवे बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि सभी पूर्व-निर्माण गतिविधियों की व्यापक पहचान कर उन्हें तेजी से आगे बढ़ाया जाए। साथ ही, अनुबंध दस्तावेजों की तैयारी भी समानांतर रूप से शुरू करने को कहा गया है, ताकि परियोजना की शुरुआत में किसी प्रकार की देरी न हो। कॉरिडोर के लिए आवश्यक मानव संसाधन (मैनपावर) का आकलन भी किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड को साप्ताहिक आधार पर प्रगति रिपोर्ट, की गई कार्रवाई और आवश्यक सहयोग के बारे में अवगत कराया जाएगा, जिससे परियोजना का सुचारु और शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। डांकुनी–सूरत डीएफसी को देश की लॉजिस्टिक्स क्षमता बढ़ाने, औद्योगिक विकास को गति देने और 'मेक इन इंडिया' को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भारतनेट भारत को डिजिटल रूप से एक सशक्त समाज में बदल रहा हैः सिंधिया

## कहा, भारतनेट के तहत 2.14 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें जुड़ीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रॉडबैंड अवसंरचना के विस्तार की वजह से भारत ने एक अरब इंटरनेट ग्राहकों का आंकड़ा पार किया है, यह बात संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को संसद में कही। उन्होंने बताया कि भारतनेट, दुनिया के सबसे बड़े सरकारी नेतृत्व वाले कनेक्टिविटी कार्यक्रमों में से एक, डिजिटल विभाजन को पाटने और ग्रामीण भारत में ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने में परिवर्तनकारी भूमिका निभा रहा है।

राज्यसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि भारतनेट भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना है। सिंधिया ने कहा 'पिछले ग्यारह वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मोबाइल और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार देखा है, जो ऐतिहासिक डिजिटल परिवर्तन को गति दे रहा है।

मंत्री ने उल्लेख किया कि मोबाइल ग्राहकों की संख्या 2014 में 930 मिलियन से बढ़कर आज 1.2 अरब हो गई है, जबकि मोबाइल पहुंच 75 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट ग्राहकों की संख्या 2014 में 250 मिलियन से बढ़कर 1 अरब से अधिक हो गई है, जबकि पहुंच 20 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 71.8 प्रतिशत हो गई है। ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या भी 61 मिलियन से बढ़कर 1 अरब से अधिक हो गई है, जबकि औसत फिक्स्ड ब्रॉडबैंड स्पीड अब लगभग 61.55 एमबीपीएस है।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि इससे नागरिकों को कई सुविधाएं मिल रही हैं। अब पूरे देश में डिजिटल पहुंच का विस्तार हो रहा है, जो लाभकारी होगा



### भारतनेटः भारत के ग्राम पंचायतों को जोड़ना

भारतनेट ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाकर कनेक्टिविटी प्रदान करता है। देश की 2,56,000 ग्राम पंचायतों में से लगभग 2,14,000 को भारतनेट चरण I और II के तहत ऑनलाइन किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत 42,000 करोड़ रुपये है। तमिलनाडु में, राज्य ने बीएसएनएल के बजाय अपनी विशेष प्रयोजन वाहन तनफिनेट के माध्यम से परियोजना को लागू करने का विकल्प चुना। राज्य की 12,525 ग्राम पंचायतों में से 10,869 जुड़ चुकी हैं। शेष ग्राम पंचायतें और 4,767 गैर-ग्राम पंचायत गांव संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत कवर किए जाएंगे, जो 16.9 अरब डॉलर लागत की पहल है और वैश्विक रूप से सबसे बड़ा सरकारी नेतृत्व वाला कनेक्टिविटी कार्यक्रम है।

मंत्री ने सदन को आगे सूचित किया कि 1 अप्रैल 2025 को लॉन्च किए गए राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (एनबीएम) 2.0 ने 2030 के लिए सात प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए हैं: दिसंबर 2025 तक 42,000 गांवों में 95 प्रतिशत अपटाइम के साथ ओएफसी कनेक्टिविटी हासिल की गई है, 2030 तक 2.7 लाख गांवों का लक्ष्य। स्कूलों, आंगनवाड़ियों और पंचायत कार्यालयों जैसी एंकर संस्थानों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी 68.8 प्रतिशत पहुंच गई है, 2030 तक 90 प्रतिशत का लक्ष्य। राष्ट्रीय औसत फिक्स्ड ब्रॉडबैंड डाउनलोड स्पीड 61.55 एमबीपीएस है, 2030 तक 100 एमबीपीएस का लक्ष्य। औसत राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) आवेदन निस्तारण समय 455 दिनों से घटकर 30.4 दिन हो गया है, जो 2030 के लक्ष्य से पहले हासिल हो गया

# केंद्र ने हरियाणा, हिमाचल, यूपी में निकायों के लिए 3,324 करोड़ जारी किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग के अप्रतिबंधित अनुदान की दूसरी किस्त स्वीकृत एवं जारी की है ताकि जमीनी स्तर पर शासन को और ज्यादा सशक्त एवं आवश्यकता आधारित स्थानीय विकास को सक्षम बनाया जा सके। इस किश्त के अंतर्गत, बिहार को 802.40 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं, जिससे सभी 38 जिला पंचायतों (डीपी), 533 ब्लॉक पंचायतों (बीपी) और 8,053 ग्राम पंचायतों (जीपी) को लाभ हुआ है, साथ ही 3 ब्लॉक पंचायतों और 7 ग्राम पंचायतों के लिए पहली किश्त के रोके गए हिस्से से 1.39 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है, जो अब इसका पात्र बन चुकी हैं। इसी प्रकार, हरियाणा में पात्र 19 डीपी, 138 बीपी और 6,194 जीपी को कवर करते हुए 197.627 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं, साथ ही पहले रोकी गई राशि से अतिरिक्त पात्र 1 डीपी, 4 बीपी और 30 जीपी को 249.80 लाख रुपए 2.50 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के लिए, सभी 12 जिला पंचायतों, पात्र 80 ब्लॉक पंचायतों और 3,602 ग्राम पंचायतों के लिए 6,830.03 लाख रुपए (68.30 करोड़ रुपए) जारी किए गए, साथ ही 26 अतरिक्त पात्र ग्राम पंचायतों को 34.53 लाख रुपए (0.35 करोड़ रुपए) भी जारी किए गए। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिला पंचायतों, 826 ब्लॉक पंचायतों और 57,694 ग्राम पंचायतों के लिए 1,55,940.00 लाख रुपए (1,559.40 करोड़) जारी किए गए, इसके अलावा, रोके गए हिस्से से 2 डीपी, 13 बीपी और 61 जीपी को 1,101.64 लाख रुपए (11.016 करोड़ रुपए) भी जारी किए गए, जो पात्रता प्राप्त कर चुके हैं।

पश्चिम बंगाल को इसी किस्त के अंतर्गत पात्र 21 डीपी, 335 बीपी और 3,225 ग्राम पंचायतों के लिए 680.86 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को पंद्रहवीं वित्त निधि अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है।

intec CAPITAL LIMITED
SAPNE AAPKE, BHAROSA APNO KA
**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
CIN: L74899DL1994PLC057410
पंजी. कार्यालय : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
T-+91-11-46522200/300; F-+91-1146522333 Website: www.inteccapital.com

**31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(प्रति इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वार्षिक | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वार्षिक |
| | | 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | 30.09.2025 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | 30.09.2025 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 220.66 | 83.43 | 41.48 | 927.18 | 56.40 | 436.53 | 220.85 | 83.63 | 43.93 | 927.77 | 63.65 | 445.59 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 8.67 | (19.92) | (48.00) | 508.99 | (247.78) | 124.00 | 4.61 | (23.96) | (49.69) | 496.85 | (253.02) | 115.88 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 8.67 | (19.92) | (48.00) | 384.61 | (247.78) | 124.00 | 4.61 | (23.96) | (49.69) | 327.47 | (253.02) | 115.88 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (35.09) | (55.93) | (63.69) | 210.27 | (282.58) | 30.04 | (39.15) | (59.97) | (65.38) | 198.13 | (287.82) | 21.92 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (35.43) | (56.25) | (63.17) | 209.27 | (281.01) | 28.70 | (39.49) | (60.29) | (64.86) | 197.13 | (286.25) | 20.58 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| | 1. बेसिक (रु. में) : | (0.19) | (0.30) | (0.35) | 1.14 | (1.54) | 0.16 | (0.21) | (0.33) | (0.36) | 1.08 | (1.57) | 0.12 |
| | 2. डायल्युटेड (रु. में) : | (0.19) | (0.30) | (0.35) | 1.14 | (1.54) | 0.16 | (0.21) | (0.33) | (0.36) | 1.08 | (1.57) | 0.12 |

टिप्पणी :-
(1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट यथा www.inteccapital.com पर उपलब्ध हैं।
(2) उपरोक्त फाइनैंशियल्स की समीक्षा कर ली गई है और ऑडिट कमेटी द्वारा अनुशंसित कर दिये गये तथा तदोपरांत 12 फरवरी 2026 को आयोजित उनकी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर लिये गये।

कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
निहारिका गुप्ता
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एम. नं.-ए59325

दिनांक : 12.02.2026
स्थान : नई दिल्ली

### जैविक खाद्य उत्पादों का चार दिवसीय व्यापार मेला जर्मनी के न्यूर्नबर्ग में हुआ प्रारंभ

# मुक्त व्यापार समझौते से भारत और यूरोपीय संघ के जैविक खाद्य कारोबारियों की बढ़ीं उम्मीदें

एजेंसी ▶▶ न्यूर्नबर्ग (जर्मनी)

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के जैविक खाद्य कारोबारियों ने हाल में घोषित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर सकारात्मक रुख जताया और कहा है कि इससे दोनों पक्षों को बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी तथा इस क्षेत्र में बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।

स्थायी खाद्य क्षेत्र से जुड़ी करीब 2,200 कंपनियां चार दिवसीय 'बायोफैच 2026' में अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। इनमें भारत के 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। यह जैविक खाद्य उत्पादों का दुनिया का प्रमुख व्यापार मेला है, जो न्यूर्नबर्ग प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित हो रहा है। मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। यह मेला ऐसे समय हो रहा है जब भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की घोषणा की है। इसके करीब एक साल में हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है।



### दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर : अभिषेक देव

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के चेयरमैन अभिषेक देव ने कहा, '' इस क्षेत्र में दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर हैं।'' 'बायोफैच' में भारत 'कंट्री ऑफ द ईयर' के रूप में प्रमुख उपस्थिति दर्ज करा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के अधीन एपीडा मेले में भारत की भागीदारी का आयोजन कर रहा है, जिसमें देश की समृद्ध कृषि विरासत और जैविक उत्पादों के भरोसेमंद वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में उसकी बढ़ती पहचान को प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार आगंतुकों को भारतीय जैविक उत्पादों, मूल्य सृजन मॉडल और साझेदारी के अवसरों की जानकारी दी जा रही है।

### फ्रांस की कंपनियां भारत में खोज रहीं साझेदार

फ्रांस जैसे क्षेत्रों की कई कंपनियां भारत में स्थानीय साझेदारों की तलाश में आक्रामक रुख अपना रही हैं। एक 'स्नैक' निर्माता ने कहा, '' अगर भारत में मांग बढ़ती है, तो हम भारत में ही उत्पादन शुरू कर सकते हैं।'' कर्नाटक स्थित जैविक बीज, जड़ी-बूटी और अनाज कारोबार से जुड़ी राजामुडी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं सह-संस्थापक नागेंद्र कुमार एच. ने हालांकि कहा कि दोनों क्षेत्रों को प्रमाणन संबंधी मुद्दों पर काम करना होगा, जो फिलहाल निर्यात में बाधा बन रहे हैं।

### समझौते से व्यापार बढ़ाने में मिलेगी मदद

*मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मणिपुर के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक देवांगन, बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में मंत्री (कार्मिक) मंदीप सिंह तुली तथा सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव रमण कुमार भी मौजूद थे। मेले में जैविक जूस व 'स्नैक्स' निर्माता, अनाज उत्पादक और गैर-मादक पेय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इन्होंने एक स्वर में कहा कि यह समझौता इस क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने में मदद करेगा।*

### समझौता ईयू में 60 अरब डालर के खोलता है अवसर

*जैविक खाद्य क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता भारतीय जैविक उत्पाद निर्यातकों के लिए ईयू में करीब 60 अरब डॉलर के अवसर खोलता है। वहीं इससे ईयू देशों को भारत के 140 करोड़ उपभोक्ताओं का बाजार भी मिलेगा। समझौते के तहत द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दोनों पक्ष सैकड़ों वस्तुओं पर आयात शुल्क खत्म या कम करेंगे।*

## वाणिज्य मंत्रालय अगले सप्ताह पेश कर सकता है निर्यात प्रोत्साहन मिशन के आठ घटक

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के आठ घटक अगले सप्ताह पेश कर सकता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल नवंबर में 45,000 करोड़ रुपये से अधिक के संयुक्त परिव्यय वाली दो योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन मिशन (25,060 करोड़ रुपये) और ऋण गारंटी योजना (20,000 करोड़ रुपये) को मंजूरी दी थी। निर्यात प्रोत्साहन मिशन (ईपीएम) दो एकीकृत उप-योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन (वित्तीय सहायक) और निर्यात दिशा (गैर-वित्तीय सहायक) के माध्यम से संचालित होता है। यह मिलकर वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायता से जुड़े पहलुओं पर काम करते हैं।

■ **सभी उपाय छह वर्षों 2025-31 की अवधि में लागू किए जाएंगे**

**दिसंबर 2025 में शुरू की गई थी योजनाः** सरकार ने दिसंबर 2025 में 4,531 करोड़ रुपये की अंतर्गत बाजार पहुंच सहायता (एमएएस) योजना शुरू की थी। सरकार ने जनवरी में 7,295 करोड़ रुपये का निर्यात सहायता पैकेज घोषित किया जिसमें 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना और 2,114 करोड़ रुपये का जमानत समर्थन शामिल है।

# सरकार ने ई-सिगरेट प्रतिबंध पर नहीं दी कोई ढील, प्रतिबंध जारी रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ **स्वास्थ्य मंत्रालय ने खबरों पर लगाया विराम, कहा- कोई विचार नहीं चल रहा**

भारत ने ई-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध में ढील देने से इनकार कर दिया है, जिससे हीट-नॉट-बर्न तंबाकू उत्पादों पर रोक बरकरार है। इससे फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल द्वारा ऐसे उपकरणों की अनुमति देने के लिए चलाए जा रहे निजी लॉबिंग अभियान को झटका लगा है।

केंद्र सरकार ने 2019 में हीटेड तंबाकू उत्पाद समेत ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। हर साल 100 अरब से अधिक की सिगरेट बिक्री के साथ मात्रा के हिसाब से भारत 7वां सबसे बड़ा बाजार है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया यह जवाब

सबसे मूल्यवान तंबाकू कंपनी फिलिप मॉरिस को उम्मीद थी कि भारत उसके हीटेड टोबैको डिवाइस आईक्यूओएस के लिए एक प्रमुख बाजार बन सकता है, जिसे कंपनी धूम्रपान से कम हानिकारक बताती है। रॉयटर्स के सवालों के जवाब में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, भारत सरकार इस प्रतिबंध को रद्द करने, संशोधित करने या शिथिल करने पर विचार नहीं कर रही है। यह भी कहा कि ई-सिगरेट संबंधी कानून हीट-नॉट-बर्न डिवाइसों पर प्रतिबंध लगाता है, और यह स्थिति बनी रहेगी।

### कंपनी लंबे समय से कर रही पैरवी

रिपोर्ट के अनुसार, मार्लबोरो बनाने वाली कंपनी ने निजी तौर पर शीर्ष भारतीय अधिकारियों और एक संसदीय समिति से आईक्यूओएस जैसे उपकरणों के पीछे के विज्ञान पर विचार करने, इस पर शोध करने और हीट-नॉट-बर्न उत्पादों को प्रतिबंध से छूट देने के लिए पैरवी की थी। फिलिप मॉरिस के अधिकारियों ने जनवरी में दावोस में कई राज्य सरकार के अधिकारियों से मुलाकात कर आईक्यूओएस जैसे उत्पादों का उपयोग की अनुमति देने की पैरवी की थी।

## आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक फिसला

भाषा ▶▶ मुंबई

अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ने और कृत्रिम मेधा (एआई) से व्यवधान की आशंकाओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 559 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 147 अंक के नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 558.72 अंक यानी 0.66 प्रतिशत टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 716.97 अंक के नुकसान के साथ 83,516.67 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 146.65 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,807.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज्यादा दबाव आईटी शेयरों पर रहा।

टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में लगभग छह प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अदाणी पोर्ट्स भी नुकसान में रहे।

## स्पेस-एक्स में विलय के बाद एलन मस्क ने की एक्स एआई के पुनर्गठन की घोषणा

**नई दिल्ली।** अरबपति एलन मस्क ने अपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्स एआई के बड़े स्तर पर पुनर्गठन की घोषणा की है।बीते दिन उन्होंने बताया है कि वह कंपनी में सभी पदों को नए सिरे से व्यवस्थित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में कुछ कर्मचारियों को कंपनी से अलग होना पड़ा। मस्क ने कहा कि यह कदम काम की गति और नतीजों को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है। हालांकि, उन्होंने हटाए गए कर्मचारियों की सटीक संख्या साझा नहीं की है।

**सह-संस्थापक के इस्तीफे से बढ़ी चर्चा :** इस पुनर्गठन के बीच एक्स एआई के दो सह-संस्थापक जिमी बा और टोनी वू ने कंपनी छोड़ने की घोषणा की है। इससे पहले भी कई शुरुआती सदस्य जैसे इगोर बाबुश्किन, काइल कोसिक और अन्य लोग बाहर जा चुके हैं। मस्क ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन लोग निकाले गए और कौन अपनी इच्छा से गए। उन्होंने इतना जरूर कहा कि कंपनी अभी भी आक्रामक तरीके से नई भर्ती कर रही है।

## छह ब्रोकरेज ने जनवरी में एनएसई पर जोड़े 3 लाख सक्रिय निवेशक, ग्रोव सबसे आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की शीर्ष-10 ब्रोकरेज फर्मों में से 6 ने जनवरी में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सक्रिय निवेशकों को जोड़ा है। ग्रोव ने अपने प्लेटफॉर्म पर 3.5 लाख निवेशक जोड़े हैं, जो 15 महीनों से अधिक समय में इसका सबसे बड़ा इजाफा है। जनवरी, 2026 के अंत में उसके एक्टिव निवेशकों की संख्या 1.25 करोड़ थी, जो इसके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में लगभग दोगुनी है। एनएसई में इनकी कुल संख्या में केवल 3 लाख की वृद्धि हुई।

### इन ब्रोकरेज ने भी हासिल की बढ़त

राजस्व के हिसाब से देश के सबसे बड़े ब्रोकर जेरोधा के सक्रिय निवेशकों की संख्या में 15 महीनों की गिरावट के बाद जनवरी में 10,000 की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले एक साल में इसके यूजर्स की संख्या में लगभग 11 लाख की गिरावट आई है। दूसरी तरफ एंजेल वन में इस महीने 13,000 की गिरावट आई है। सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध इस ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म के निवेशकों की संख्या में पिछले साल लगभग 10 लाख की गिरावट आई है।

**वृद्धि के पीछे रही यह वजहः** सख्त मार्जिन आवश्यकताएं, साप्ताहिक समाप्ति तारीखों में कमी, उच्च पूंजी सीमा और कराधान में वृद्धि जैसे कठोर नियामक उपायों से खुदरा निवेशकों के लिए डेरिवेटिव ट्रेडिंग काफी कम आकर्षक हो गई है। एक ब्रोकर के अनुसार, पिछले 3 महीनों में सोने के ईटीएफ से निवेशकों की संख्या में वृद्धि हुई।

## रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी कोषों के निवेश से निवेशकों का उत्साह बढ़ने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.55 पर खुला, और कारोबार के दौरान 90.40 के दिन के उच्चतम स्तर तक गया और 90.65 के निचले स्तर तक आया। बृहस्पतिवार को कारोबारी सत्र के अंत में, रुपया 90.61 (अस्थायी) पर था, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की मजबूती है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शुरू में बाजार ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का स्वागत किया, लेकिन व्हाइट हाउस के 'फैक्ट शीट' जारी करने के बाद नई चिंताएं सामने आई हैं।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत को परिधान मामले में बांग्लादेश के बराबर मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी धागा और कपास से बने परिधान पर वही रियायती शुल्क का लाभ मिलेगा, जो बांग्लादेश को वर्तमान में मिल रहा है। अमेरिका, बांग्लादेश की वस्तुओं पर जवाबी शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा, लेकिन वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने हों। उन्होंने बताया कि अगर कोई भारतीय कंपनी अमेरिका से धागा और कपास खरीदकर परिधान बनाती है और उन्हें अमेरिका को निर्यात करती है, तो उन परिधानों को भी बांग्लादेशी कंपनियों की तरह अमेरिका में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा।

**राहुल गांधी ने लगाया था आरोपः** गोयल ने कहा कि ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया था कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता 'पूरी तरह से आत्मसमर्पण' है, जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई है और किसानों के हितों से समझौता किया गया है।

## दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे में टूर ड्यूटी करने वाली पहली महिला टीटीई बनीं श्रीमती सरिता योल्मो

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) अंतर्गत दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) की पौराणिक रेल पटरी एक ऐतिहासिक माइलस्टोन का साक्षी बना है। विश्व विख्यात रेलवे पर "टूर ड्यूटी" के लिए पहली महिला चल टिकट परीक्षक (टीटीई) होने का गौरव सरिता योल्मो ने हासिल किया है। वह यह जिम्मेवारी बखूबी निभा रही है। इस ऐतिहासिक पल तक पहुँचने के लिए सरिता का सफ़र काफी साहसिक रहा है। उन्होंने रेलवे प्रेस से अपने करियर की शुरूआत की और प्रेस के बंद होने तक पूरी लगन से अपनी सेवा दी। करियर में आए बदलाव को अपनी रफ़्तार धीमी करने के बजाय, सरिता ने वाणिज्य विभाग में कार्य करना शुरू कर दिया और न्यू जलपाईगुड़ी में टीटीई के रूप में नई भूमिका का निर्वाह किया। न्यू जलपाईगुड़ी में नियमित ड्यूटी करते हुए, सरिता को कभी-कभार डीएचआर टूर ड्यूटी के लिए भेजा जाता है।



### मजबूत हाजिर मांग से तांबा की वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को तांबा की कीमत 60 पैसे की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर तांबा के मार्च माह में आपूर्ति वाले तांबा के अनुबंधों की कीमत 60 पैसे यानी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जिसमें 959 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से मुख्यतः वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में तेजी आई।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश उर्फ पंचू** पुत्र जगत राम निवासी यू.-138, मंगोलपुरी, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 526/16 धारा 323/341/506/34 भा.द.स., थाना मंगोलपुरी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश उर्फ पंचू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश उर्फ पंचू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 526/16 धारा 323/341/506/34 भा.द.स., थाना मंगोलपुरी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ पंचू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.04.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसार सुश्री रितिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05, (उत्तर पश्चिम)
कोर्ट संख्या 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1929/OD/2026


## एक्सिस बैंक ने एमएसएमई के लिए उच्च लोन-टू-वैल्यू और उसी दिन वितरण वाली गोल्ड लोन सुविधा शुरू की

**रायपुर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अपनी गोल्ड लोन योजना लॉन्च की है। यह एक सुरक्षित ओवरड्राफ्ट सुविधा है, जिसके तहत छोटे कारोबारी अपने मौजूदा स्वर्ण आभूषणों के बदले त्वरित, लचीली और न्यूनतम दस्तावेजी प्रक्रिया के साथ नकदी प्राप्त कर सकते हैं। यह उत्पाद व्यक्तिगत उद्यमियों और एकल स्वामित्व वाले व्यवसायों के लिए उपलब्ध है, चाहे वे एक्सिस बैंक के पुराने ग्राहक हों या नए। यह सुविधा देशभर की 3300 से अधिक गोल्ड-लोन सक्षम शाखाओं में शुरू की गई है। पात्र ग्राहक काउंटर पर ही उसी दिन (ओटीसी) ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाएगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## दिल्ली पहुंची फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया की 'चेंज द सोच - कन्याकुमारी टू कश्मीर ड्राइव', महिलाओं में निवेश जागरूकता बढ़ाने पर जोर




**नई दिल्ली।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया की अनोखी राष्ट्रव्यापी पहल 'चेंज द सोच – कन्याकुमारी टू कश्मीर ड्राइव' देश की राजधानी दिल्ली पहुंच गई है. निवेशक जागरूकता और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह 30 दिवसीय यात्रा खास तौर पर महिलाओं को बचत से आगे बढ़कर निवेश की ओर प्रेरित करने पर केंद्रित है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के भारत में 30 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह 4000 किलोमीटर से अधिक लंबी यात्रा कन्याकुमारी से शुरू होकर 21 शहरों से गुजरते हुए जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त होगी. इस अभियान का उद्देश्य म्यूचुअल फंड निवेश को सरल भाषा में समझाना और लोगों को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सतवालेकर इस यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं. वे हर दूसरे दिन किसी नए शहर या गांव में रुककर निवेशक शिक्षा कार्यशालाएं आयोजित करेंगे. इन सत्रों में महिलाओं को बचत, निवेश और दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी ताकि वे अपने जीवन लक्ष्यों को हासिल कर सकें. इस पहल में विभिन्न वर्गों की महिलाओं को शामिल किया जा रहा है, जिनमें मछली पालन और कृषि से जुड़ी किसान महिलाएं, छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं, खाद्य और हथकरघा क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं, उद्यमी, निजी और सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी, तथा सेना, नौसेना और पुलिस कर्मियों के परिवार शामिल हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु एग्रो मॉल, रोहतक में एचवीएसी सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव और प्रचालन + 1 कार्य। | 11.02.2026 18.02.2026 | 78,88,965/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42963/I/88/7 दि. 12.02.26


### शब्द पहेली - 6137




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 6136 का हल**





## भारत लगातार दूसरा मैच जीता, ग्रुप-ए के टॉप पर

# इशान किशन, पंड्या व चक्रवर्ती चमके भारत ने नामीबिया को 93 रन से रौंदा




### हार्दिक पंड्या बने मैन आफ द मैच

**भारत-209/9 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का शिकोंगो बो इरास्मस | 61 |
| संजू का स्टीनकैंप बो शिकोंगो | 22 |
| तिलक का स्मिट बो इरास्मस | 25 |
| सूर्यकुमार स्टं ग्रीन बो स्कोल्ट्ज | 12 |
| हार्दिक का स्थानापन्न बो इरास्मस | 52 |
| शिवम दुबे रन आउट | 23 |
| रिंकू का इरास्मस बो स्मिट | 01 |
| अक्षर पटेल बो इरास्मस | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 |

अतिरिक्त: 10
कुल: 20 ओवर में नौ विकेट पर: 209 रन
विकेट पतन: 1-25, 2-104, 3-120, 4-124, 5-205, 6-205, 7-206, 8-206, 9-209
गेंदबाजी: ट्रंपलमैन 4-0-38-0, शिकोंगो 3-0-41-1, स्मिट 4-0-50-1, हेइंगो 1-0-18-0, इरास्मस 4-0-20-4, स्कोल्ट्ज 4-0-41-1

**नामीबिया-116/10 (18.2)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लॉरेन स्टीनकैंप बो चक्रवर्ती | 29 |
| जेन का दुबे बो अर्शदीप | 22 |
| जेन ईटन का अक्षर को चक्रवर्ती | 13 |
| गेरहार्ड का तिलक बो अक्षर | 18 |
| जेजे स्मिट बो चक्रवर्ती | 00 |
| जेन ग्रीन हिट विकेट दुबे | 11 |
| मलान का बुमराह बो अक्षर | 05 |
| रूबेन ट्रंपलमैन बो बुमराह | 06 |
| बर्नार्ड का अक्षर बो पंड्या | 04 |
| बेन शिकोंगो पगबधा बो पंड्या | 00 |
| मैक्स हेइंगो नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08
कुल:18.2 ओवर में सभी विकेट खोकर: 116 रन
विकेट पतन: 1-33, 2-67, 3-86, 4-86, 5-88, 6-94, 7-111, 8-116, 9-116
गेंदबाजी: पंड्या 4-0-21-2, अर्शदीप 3-0-36-1, दुबे 2.2-0-11-1, बुमराह 4-0-20-1, चक्रवर्ती 2-0-7-3, अक्षर 3-1-20-2

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज इशान किशन और हार्दिक पंड्या के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां नामीबिया को 93 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इशान (61 रन, 24 गेंद, पांच छक्के, छह चौके) और पंड्या (52 रन, 28 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक से भारत ने नौ विकेट पर 209 रन बनाए जिसके जवाब में नामीबिया की टीम चक्रवर्ती (सात रन पर तीन विकेट), (21 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 116 रन पर सिमट गई। नामीबिया की ओर से सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप (29) और जेन फ्राइलिंक (22) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। टीम ने अपने अंतिम आठ विकेट सिर्फ 30 रन जोड़कर गंवाए। इशान ने तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 31 गेंद में 79 रन जोड़कर भारत को तेज शुरुआत दिलाई जबकि पंड्या ने शिवम दुबे (23) के साथ 39 गेंद में 81 रन की साझेदारी करके अंतिम ओवरों में रन गति में इजाफा किया। भारतीय टीम अब अपना अगला मैच 15 फरवरी को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाक के खिलाफ खेलेगी जिस पर सभी की नजरें टिकी होंगी। पाकिस्तान की सरकार ने शुरुआत में भारत के खिलाफ इस मैच के बहिष्कार का फैसला किया था।



टी-20 विश्व कप 2026 के 16वें मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने ओमान क्रिकेट टीम को 105 रनों से हरा दिया। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका की रनों के लिहाज से मिली दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने साल 2007 में केन्या क्रिकेट टीम को 172 रन से हराया था। नीदरलैंड क्रिकेट टीम को श्रीलंका 2024 के विश्व कप में 83 रन से हरा चुकी है।

## श्रीलंका ने दर्ज की टी-20 विश्व कप के इतिहास में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत

**पल्लीकल (एजेंसी)।** ओमान ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। श्रीलंका के लिए पवन रत्नायके (60), कुसल मेंडिस (61) और दासुन शनाका (50) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 225/5 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में ओमान के लिए कोई भी बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। मोहम्मद नदीम ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। ओमान की पूरी टीम 120/9 का स्कोर ही बना पाई।

### मेंडिस 2,500 रन पूरे करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने

मेंडिस ने 45 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले और उनकी स्ट्राइक रेट 135.56 की रही। इस पारी के दौरान उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 2,500 रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने हैं। इस प्रारूप में 2,000 से ज्यादा रन बनाने वाले अन्य श्रीलंकाई बल्लेबाज केवल पथुम निसांका और कुसल परेरा हैं। मेंडिस के बल्ले से 102 पारियों में 2,542 रन निकले हैं।

## टी-20 विश्व कप इतिहास में इटली ने दर्ज की अपनी पहली जीत, नेपाल को दी शिकस्त



**मुंबई।** टी-20 विश्व कप 2026 के 17वें मैच में इटली क्रिकेट टीम ने नेपाल क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मुकाबले में नेपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम ने 13वें और में लक्ष्य हासिल किया। मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है।

**जस्टिन और एंथनी ने लगाए अर्धशतक**

लक्ष्य का पीछा करते हुए जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का ने अपने-अपने अर्धशतक लगाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज जस्टिन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना चौथा अर्धशतक 37 गेंदों में पूरा किया।

### इटली ने आसानी से जीता मैच

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 49 रन तक अपने 3 विकेट गंवाए। इसके बाद भी नेपाल के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा। इस बीच आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अंत में करन केसी ने 11 गेंदों में 18 रन का योगदान देते हुए टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। जवाब में इटली को जस्टिन मोस्का (61*) और एंथनी मोस्का (61*) ने अर्धशतक लगाते हुए जीत दिलाई।

### क्रिशन ने लिए 3 विकेट

इटली की ओर से क्रिशन कलुगामागे सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस स्पिनर ने अपने 4 ओवर के कोटे में 18 रन देते हुए 3 विकेट लिए।अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 20 पारियों में 17.95 की औसत और 6.46 की इकॉनमी रेट के साथ 23 विकेट लिए। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर बेन मानेंटी ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देते हुए 2 विकेट चटकाए।

### मोस्का बंधुओं ने साझेदारी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है। इससे पहले कामरान अकमल और उमर अकमल की भाइयों की जोड़ी ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 96 रन की साझेदारी की थी। इस सूची में तीसरे पायदान पर इटली के बेंजामिन मनेन्टी और हैरी मनेन्टी ने स्कॉटलैंड (2026) के खिलाफ 73 रन की साझेदारी की थी।

### खबर संक्षेप

KHELO INDIA WINTER GAMES 2026

**खेलो इंडिया का दूसरा चरण 23 से गुलमर्ग में**

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में खेला जायेगा जिसमें करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहला चरण 20 से 26 जनवरी के बीच लद्दाख में खेला गया था । मांडविया ने कहा लेह में पहला चरण काफी कामयाब रहा था जिसमें फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया था। गुलमर्ग में चार पदक खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग (क्रॉसकंट्री) और स्नोबोर्डिंग की स्पर्धायें होंगी। पिछली बार भारतीय सेना ने सर्वाधिक 18 पदक जीते थे जबकि हिमाचल प्रदेश दूसरे, लद्दाख, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहे थे।

**बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर के साथ बढ़त बनाई**

**नई दिल्ली।** हनी बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर करके डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स गोल्फ चैम्पियनशिप के तीसरे दौर के बाद पांच शॉट की बढत बना ली। कुतुब गोल्फ कोर्स पर चल रहे टूर्नामेंट में कल दूसरे स्थान पर काबिज बैसोया ने सात बर्डी लगाये और एक बोगी किया। उनका कुल स्कोर 18 अंडर 192 है। सात बार डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर खिताब जीत चुके 29 वर्ष के बैसोया ने पांच साल से कोई खिताब नहीं जीता है।

## जिम्बाब्वे से मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत की लय बनाए रखना चुनौती

**मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आज सुबह 11 बजे से**

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 19वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सामना जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम से होगा। जहां कंगारू टीम की नजर जीत की लय बरकरार रखने पर होगी, तो वहीं जिम्बाब्वे 18 साल पुराने इतिहास को दोहराने के इरादे से मैदान में उतरेगा। टी-20 विश्व कप में आखिरी बार जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को साल 2007 में हराया था, जब उसे 5 विकेट से यादगार जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हुए हैं। दो मुकाबले कंगारू टीम ने जीते हैं और 1 मैच में जिम्बाब्वे को जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला साल 2018 में खेला गया था। जहां ऑस्ट्रोलिया को 5 विकेट से जीत मिली थी। इस विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला मैच आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जीता था। वहीं, जिम्बाब्वे को ओमान क्रिकेट टीम के खिलाफ 8 विकेट से जीत मिली थी।




**टीमें इस प्रकार हैं**

**ऑस्ट्रेलिया एकादश :** ट्रेविस हेड (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मैट रेनशॉ, कूपर कॉनॉली, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुहनेमैन और एडम जैम्पा।

**जिम्बाब्वे एकादश:** ब्रायन बेनेट, ताडिवानाशे मारुमानी, डियोन मायर्स, ब्रेंडन टेलर (विकेटकीपर), सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्जा, रिचर्ड नगारावा और ब्लेसिंग मुजरबानी।

## अर्जेंटीना ने हॉकी प्रो लीग में भारत को 8-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| राउरकेला

भारत को बृहस्पतिवार को यहां एफआईएच पुरुष प्रो लीग के राउरकेला चरण में अर्जेंटीना से 0-8 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के लिए टॉमस डोमेने ने चार गोल दागे। डोमेन (15, 20, 26, 60वें मिनट) के अलावा टॉमस रुइज (14वें मिनट), लुसियो मेंडेज (22वें मिनट), इग्नासियो इबारा (25वें मिनट) और निकोलस डेला टोरे (30वें मिनट) ने भी गोल किए। भारत ने शुरुआत में बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन कुछ देर तक दबदबे के बाद उन्होंने पहले क्वार्टर के अंत में पेनल्टी स्ट्रोक मिलने पर बढ़त लेने का सुनहरा मौका गंवा दिया। हरमनप्रीत सिंह के प्रयास को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। अर्जेंटीना ने तुरंत गोल दाग दिया। रुइज ने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मेहमान टीम ने जल्द ही अपनी बढ़त दोगुनी कर ली जब डोमेने ने सूरज करकेरा को छकाते हुए अपनी टीम को शुरुआती क्वार्टर में 2-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत अच्छी की जिसमें शिलानंद लाकड़ा और हरमनप्रीत सिंह को पेनल्टी कॉर्नर मिले। हालांकि वे गोल नहीं कर पाए। अर्जेंटीना ने दबाव बनाना जारी रखा।

### मेस्सी चोटिल, इंटर मियामी के मैच में खेलना संदिग्ध

फोर्ट लॉडरडेल। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवतः हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। इंटर मियामी ने एक बयान में कहा, ''अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस की प्रगति पर निर्भर करेगी।

## भारत का मुकाबला जापान, ऑस्ट्रेलिया का लेबनान से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारत को चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार बार के चैंपियन जापान, ऑस्ट्रेलिया और लेबनान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। किर्गिज़ गणराज्य और उज्बेकिस्तान को हराकर 21 वर्षों में पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वह जापान और लेबनान का सामना करेगी। चीन में यह टूर्नामेंट एक से 17 मई तक सूज़ौ शहर में सूज़ौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम और सूज़ौ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा। मेजबान चीन को थाईलैंड, वियतनाम और म्यांमार के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप सी में उत्तर कोरिया, कोरिया गणराज्य, फिलीपींस और चीनी ताइपे शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।



### यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

### होली विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि होली त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन निम्न समय–सारणी के अनुसार किया जायेगा:–

**रेलगाड़ी सं. 02275/02276 एवं 02421/02422 सूबेदारगंज – शकूरबस्ती – सूबेदारगंज होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 02275/02421 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02276/02422 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 04:00 | --- |
| 10:15 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: **02275 सूबेदारगंज** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 03.03.2026 से 31.03.2026 तक और **02276 शकूरबस्ती** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 तक।
**02421 सूबेदारगंज** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक और **02422 शकूरबस्ती** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक।
ठहराव: फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़, गाजियाबाद जं. एवं दिल्ली जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01705/01706 जबलपुर – अयोध्या धाम जं. – जबलपुर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01705 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01706 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:40 | जबलपुर | 06:45 | --- |
| 07:05 | 07:15 | वाराणसी | 17:10 | 17:20 |
| 11:25 | ---- | अयोध्या धाम जं. | ---- | 13:30 |

चलने के दिन: **01705 जबलपुर** से मंगलवार दिनांक 03.03.2026 एवं 10.03.2026 को और **01706 अयोध्या धाम जं.** से बुधवार दिनांक 04.03.2026 एवं 11.03.2026 को।
ठहराव: सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी एवं जौनपुर जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01701/01702 जबलपुर – हज़रत निज़ामुद्दीन – जबलपुर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01701 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01702 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:20 | जबलपुर | 09:30 | --- |
| 14:25 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 15:45 |

चलने के दिन: **01701 जबलपुर** से सोमवार दिनांक 02.03.2026 एवं 09.03.2026 को और **01702 हज़रत निज़ामुद्दीन** से मंगलवार दिनांक 03.03.2026 एवं 10.03.2026 को।
ठहराव: कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा छावनी, मथुरा जं. एवं कोसी कलाँ स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05005/05006 बढ़नी – अमृतसर – बढ़नी होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05006 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:10 | बढ़नी | 08:15 | --- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 12:45 |

चलने के दिन: **05005 बढ़नी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक और **05006 अमृतसर** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 तक।
ठहराव: तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला छावनी, ढंडारी कलां, जलंधर शहर एवं ब्यास स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05023/05024 गोमती नगर – खातीपुरा – गोमती नगर होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05023 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05024 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | गोमती नगर | 11:45 | --- |
| 12:10 | 12:20 | दिल्ली जं. | 00:25 | 00:35 |
| 17:30 | ---- | खातीपुरा | ---- | 18:50 |

चलने के दिन: **05023 गोमती नगर** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 03.03.2026 से 24.03.2026 तक और **05024 खातीपुरा** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक।
ठहराव: बादशाह नगर, डालीगंज, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद जं., गाजियाबाद जं., दिल्ली जं., दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी, अलवर एवं बांदीकुई स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05045/05046 लालकुआं – राजकोट – लालकुआं होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 05045 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05046 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 12:35 | लालकुआं | 05:15 | --- |
| 14:45 | 14:50 | बरेली जं. | 02:50 | 02:55 |
| 18:10 | ---- | राजकोट | ---- | 22:30 |

चलने के दिन: **05045 लालकुआं** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक और **05046 राजकोट** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 30.03.2026 तक।
ठहराव: किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर क्षेत्र, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा छावनी, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी, समदड़ी जं., मोकलसर, जालोर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी जं., पाटन, महेसाणा जं., वीरमगन जं., सुरेंद्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05301/05302 मऊ – अंबाला छावनी – मऊ होली विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05302 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:00 | मऊ | 23:00 | --- |
| 20:20 | 20:30 | दिल्ली जं. | 05:00 | 05:10 |
| 00:30 | ---- | अंबाला छावनी | ---- | 01:40 |

चलने के दिन: **05301 मऊ** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 05.03.2026 से 26.03.2026 तक और **05302 अंबाला छावनी** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06.03.2026 से 27.03.2026 तक।
ठहराव: बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर ज., बरेली जं., मुरादाबाद ज., गाजियाबाद ज., दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत जं. स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**मैच अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से**

# यूएई और कनाडा के बीच भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 के 20वें मुकाबले में कनाडा क्रिकेट टीम का सामना आज पहली बार यूएई क्रिकेट टीम से होगा। ये ग्रुप-डी का मुकाबला होगा। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में अभी तक कनाडा की टीम एक बार भी यूएई को हराने में सफल नहीं हो पाई है। इस विश्व कप में दोनों टीमों ने अपने पहले मुकाबले हारे हैं। कनाडा और यूएई के बीच यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में आज 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा।



### कनाडा के खिलाफ यूएई का पलड़ा रहा है भारी

टी-20 क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच 6 मुकाबले खेले गए हैं। इन सभी मुकाबलों में यूएई को जीत मिली है। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच साल 2019 में मुकाबला हुआ था। उसे यूएई ने 14 रन से अपने नाम किया था। टी-20 विश्व कप 2026 में यूएई को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 10 विकेट से हार मिली थी। वहीं, कनाडा को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 57 रन से हार मिली।

कनाडा की टीम : युवराज समरा, दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, श्रेयस मूव्वा (विकेटकीपर), हर्ष ठाकर, साद बिन जफर, जसकरण सिंह, डिलन हाइलिगर, कलीम सना और अंश पटेल।

यूएई की टीम : आर्यांश शर्मा (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, मयंक कुमार, सोहैब खान, हर्षित कौशिक, मोहम्मद अरफान, ध्रुव पराशर, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी और मोहम्मद रोहिद खान।




**बांग्लादेश में हिंसा के बीच चुनाव संपन्न**

# वोटिंग के दौरान दो पोलिंग सेंटरों में धमाका, एक बच्चे सहित 3 घायल

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव और रेफरेंडम-2026 के लिए देश भर के 299 चुनाव क्षेत्रों में वोटिंग हो रही है। देश भर में 42,651 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। वोटिंग के दौरान दो मतदान केंद्रों गोपालगंज और मुंशीगंज में क्रूड बम धमाका हुआ जिसमें 3 लोग घायल हो गए। गोपालगंज के एक पोलिंग सेंटर पर हुए क्रूड बम धमाके में 13 वर्ष की एक बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए।

एडिशनल सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस मोहम्मद सरवर हुसैन ने बताया कि सुबह करीब 9:00 बजे निचुपाड़ा इलाके में रेशमा इंटरनेशनल स्कूल पोलिंग सेंटर पर धमाका हुआ। इस घटना में चुनाव सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अर्द्धसैनिक सहायक बल 'अंसार' के दो सदस्य भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी जहिरुल इस्लाम ने बताया कि घायलों को मामूली चोट आई थी और मतदान थोड़ी देर बाद फिर से शुरू हो गया।

इसके अलावा, मुंशीगंज सदर उपजिला के मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में सुबह एक क्रूड बम धमाका हुआ, जिसके बाद हमलावरों का पीछा करने और जवाबी हमले की घटना हुई। सदर पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज (ओसी) मोहम्मद मोमिनुल इस्लाम ने पुष्टि की कि यह झड़प सुबह करीब 10:00 बजे दो विरोधी उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच हुई।

*मुंशीगंज में मतदान केंद्र के सामने कई बम विस्फोट*

*कई जगहों पर उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच झड़प*


मुंशीगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर बम विस्फोट

### 10 से 12 देसी बमों के सिलसिलेवार धमाके

*एक अन्य घटना में मुंशीगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए, जिससे मतदान अस्थायी रूप से बाधित हो गया। बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र के सामने विस्फोट हुए। अधिकारियों ने बताया कि 10 से 12 देसी बमों में धमाका हुआ। केंद्र पर मतदान करीब 15 मिनट के लिए रोक दिया गया। पीठासीन अधिकारी मोहम्मद तितुमिर ने कहा कि विस्फोटों से मतदाताओं में दहशत फैल गई।*

### झड़प के दौरान बीएनपी नेता की मौत

खुलना में एक मतदान केंद्र के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के दौरान एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। बीएनपी का कहना है कि जमात के एक नेता के धक्का देने की वजह से पेड़ से टकराकर वह घायल हो गए थे, जिससे उनकी मौत हुई। हालांकि जमात नेता का दावा है कि इस अशांति के दौरान बीएनपी नेता बीमार पड़ गए थे। मृतक की पहचान मोहिबुज्जमान कोचि (55) के रूप में हुई है, जो बीएनपी की खुलना शहर इकाई के पूर्व कार्यालय सचिव थे।

### महिला पोलिंग एजेंट्स को किया परेशान

निर्दलीय उम्मीदवार तस्नीम जारा ने आरोप लगाया कि ढाका-9 चुनाव क्षेत्र में कई जगहों पर महिला पोलिंग एजेंट्स को परेशान किया जा रहा है और पोलिंग सेंटरों में घुसने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पोलिंग एजेंट्स को अलग-अलग बहानों से पोलिंग सेंटरों में घुसने से रोका जा रहा है। उन्हें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।

### चाय बागान में हिंदू युवक की हत्या

मौलवीबाजार जिले में आम चुनाव से एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे।

### जमात-ए-इस्लामी लोकतंत्र के लिए खतरा


बांग्लादेश चुनाव को लेकर मशहूर लेखिका और एक्टिविस्ट तस्लीमा नसरीन ने कहा कि जमात के लोग धर्म के नाम पर प्रचार कर रहे हैं। वे दावा कर रहे हैं कि उनके चुनाव निशान तराजू पर वोट देने से जन्नत मिलेगी और यह अल्लाह का आदेश है। अगर यह पार्टी सत्ता में आई, तो बांग्लादेश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा और कट्टरपंथ हावी हो जाएगा। अल्पसंख्यकों पर जुल्म बढ़ेगा।

---

**संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद निगरानी टीम की ताजा रिपोर्ट में सनसनीखेज दावा**

# दिल्ली बम धमाके में पाकिस्तान का आतंकी संगठन जैश शामिल, महिला विंग भी बनाई

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

महिला विंग का मकसद आतंकी गतिविधियों में सहयोग करना और सुरक्षा एजेंसियों से बचाव

जैश-ए-मोहम्मद को संयुक्त राष्ट्र ने अल-कायदा से जुड़ा आतंकी संगठन घोषित कर रखा है

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकवाद निगरानी टीम की ताजा रिपोर्ट ने इस हमले से पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के जुड़े होने का दावा किया है। रिपोर्ट में संगठन की नई साजिशों पर भी चिंता जताई गई है, जिसमें महिलाओं के लिए अलग विंग बनाना और आतंकी गतिविधियों में उनकी भागीदारी शामिल है। इससे संगठन का नेटवर्क बढ़ सकता है और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने में मदद मिल सकती है।

यूएन सुरक्षा परिषद को सौंपी गई रिपोर्ट में एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद ने 9 नवंबर को पुरानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी। इस हमले में 15 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई घायल हुए थे।

### 'जमात उल-मुमिनात' नामक महिला विंग


लाल किला बम विस्फोट फाइल फोटो

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 8 अक्तूबर को जैश प्रमुख मसूद अजहर ने 'जमात उल-मुमिनात' नाम से महिलाओं के लिए एक अलग विंग बनाने की घोषणा की। यूएन टीम के अनुसार, इस विंग का मकसद आतंकी गतिविधियों में सहयोग करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह महिलाओं को शामिल करना संगठन की नई साजिश का हिस्सा हो सकता है, ताकि वह अपने नेटवर्क को बढ़ा सके और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बच सके। बता दें कि जैश-ए-मोहम्मद को संयुक्त राष्ट्र ने अल-कायदा से जुड़ा आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। इसकी स्थापना साल 2000 में हुई थी और यह खासकर जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य हिस्सों में कई बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। इसके सरगना मसूद अजहर पर यूएन ने यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति फ्रीज जैसी पाबंदियां लगा रखी हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सदस्य देशों के बीच जैश की मौजूदा स्थिति को लेकर अलग-अलग राय है। कुछ देश इसे अभी भी सक्रिय और खतरनाक मानते हैं, जबकि एक सदस्य देश ने इसे निष्क्रिय बताया। है।

### मध्य और दक्षिण एशिया आतंकी खतरे में

*यूएन की रिपोर्ट में मध्य और दक्षिण एशिया में बदलते आतंकी खतरे का भी जिक्र है। इसमें कहा गया है कि कई चरमपंथी संगठन क्षेत्रीय अस्थिरता और सीमापार नेटवर्क का फायदा उठा रहे हैं। लगातार दबाव के बावजूद जैश जैसे संगठन नए तरीके अपनाकर खुद को फिर से संगठित करने और बड़े हमले करने की क्षमता दिखा रहे हैं। इसके साथ ही अलग से, रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए एक अन्य हमले में शामिल तीन संदिग्धों को जुलाई में सुरक्षा बलों ने मार गिराया था।*


---

**कारोबारी विजय माल्या को बॉम्बे हाईकोर्ट की चेतावनी**

**अगली सुनवाई के लिए 18 फरवरी तय की**

# भारत नहीं लौटे तो 'भगोड़ा' होने के ठप्पे के खिलाफ नहीं होगी सुनवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कड़ी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं लौटते, तब तक अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखे हुए है, उसे अदालत से राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश शचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि आपको (माल्या) वापस आना होगा, अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते।

2016 से ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है। पीठ ने याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख तय करते हुए कहा कि वह माल्या को यह स्पष्ट करने का एक और अवसर दे रही है कि क्या वह भारत लौटने के लिए तैयार है।

---

# मुर्शिदाबाद हिंसाः 36 आरोपियों को एनआईए कोर्ट नहीं ला सकी, नहीं मिली 'पुलिस'

एजेंसी ⏭ कोलकता

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा की जांच कर रही है। एनआईए की टीम गुरुवार सुबह हिंसा मामले में गिरफ्तार किए गए 36 आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश करने में विफल रही।



यह दूसरी बार है जब एनआईए आरोपियों को अदालत में पेश करने में विफल रही है, और इसका कारण यह है कि मुर्शिदाबाद जिला पुलिस एक बार फिर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही। इससे पहले, 5 फरवरी को, एनआईए की टीम आरोपी को अदालत में पेश करने में विफल रही थी, और उस समय, राज्य पुलिस इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं थी, जो इस मामले में एक बाधा बन गई। एनआईए ने मुर्शिदाबाद जिला पुलिस को एक अनुरोध दिया था, लेकिन पुलिस ने पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षाओं का हवाला देते हुए उस अनुरोध को पूरा करने से इनकार कर दिया जो गुरुवार से शुरू हुई थीं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद मामले में एनआईए जांच शुरू करने की स्वतंत्रता दी गई थी।

---

**आरोपः इजराइल ने गाजा में प्रतिबंधित रासायनिक बम गिराए**

# 3500 से ज्यादा लोग भाप बनकर गायब, कोई अता-पता नहीं

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

बमों से तापमान 3,500 डिग्री तक जा पहुंचा

शवों को दफनाने के लिए कोई हिस्सा नहीं बचा

इजराइल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर वैक्यूम पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं।

### वैक्यूम बम को बम और रॉकेट के रूप में गिरा सकते हैं



वैक्यूम बम एक एडवांस हथियार है जो अपने प्रभाव से इमारतों को नष्ट करने और मानव शरीर को भाप बनाकर उड़ाने में सक्षम है। यह बम एरोसोल बम भी कहलाता है और जर्नल ऑफ मिलिट्री एंड वेटरन्स हेल्थ के अनुसार, ये स्प्रे वातावरण में चारों ओर फैल जाते हैं। खासकर शहरी इलाकों और दुश्मनों के बंकर के अंदर तक आसानी से घुस जाता है। इसे रॉकेट के रूप में लॉन्च किया जा सकता है या विमान से बम के रूप में गिराया जा सकता है। जब यह अपने टारगेट से टकराता है, तो पहला विस्फोटक चार्ज कंटेनर को खोलता है और मिश्रण को बादल के रूप में बिखेरता है। इसके बाद बम में लगा इग्निशन सोर्स आग को पैदा करता है, जो बहुत तेजी से पूरे इलाके में फैलकर एक जबरदस्त वैक्यूम बनाता है। इस कारण हुए विस्फोट की ताकत इतनी ज्यादा होती है कि घरों की छतें तक उड़ जाती हैं। बंकर बर्बाद हो जाते हैं और उसमें मौजूद लोगों के शरीर से चिथड़े उड़ जाते हैं। पास में मौजूद इंसान तो तुरंत भाप में बदल जाता है। दूर के लोगों पर भी इसका इतना प्रभाव पड़ता है कि आंतरिक अंगों में खून बहने लगता है।

### व्हाइट हाउस में इजराइल पीएम नेतन्याहू से मिले राष्ट्रपति ट्रंप

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा। ट्रंप ने यह भी याद दिलाया कि पिछली बार ईरान ने समझौता नहीं किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन मिडनाइड हैमर' किया था।*






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109